- "२१ वीं शताब्दी का हिन्दी उपन्यास साहित्य" १२०
  डॉ. विजय जी. गुरव
- कठगुलाब उपन्यास में नारी चित्रण (मृदूला गर्ग) १२३
  प्रा. शरद शेलार
- २१ वी सदी के महिला उपन्यासों में नारी चेतना १२५
  श्री. आमलपुरे सूर्यकांत विश्वनाथ
- 'मरंग गोडा नीलकंठ हुआ' उपन्यास में आदिवासी विमर्श १२७
  डॉ. निंबा लोटन वाल्हे
- नारी वेदना का दस्तावेज 'तिनका तिनके पास' १२८
  डॉ. ईश्वर ठाकुर
- "टूटा हुआ इंद्रधनुष" उपन्यास में पारिवारिक विघटन १३०
  डॉ. आनंद गुलाबराव खरात
- मैत्रेय पुष्पा का उपन्यास गुनाह–बेगुनाह में चित्रित नारी संघर्ष १३३
  प्रा. तुलसा मोची

18-19

स्वातंत्र्योत्तर मराठी साहित्य आणि स्त्री
स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य और नारी
Post-Independence Indian English Literature and Women



Smt. P. K. Kotecha Mahila Mahavidyalaya
Shanti Nagar, Bhusawal

- ममता कालिया के कथा-साहित्य में नारी-विमर्श .....
  - डॉ. सुनीति एस. आचार्य, शिरपुर
- रत्तिका के संघर्ष एवं अकेलेपन की कथा - सूरजमुखी अँधेरे के.....
  - डॉ. सुनीता नारायणराव कावळे, चालीसगाँव
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी में नारी .....
  - डॉ. सविता काशिराम तायडे, मुंबई
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य और नारी .....
  - डॉ. शेख शहेनाज अहेमद, नांदेड
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी 'यही सच है' में नारी चित्रण .....
  - डॉ. शेखर घुंगरवार पी., नांदेड
- समकालीन महिला कथा साहित्य और नारी .....
  - प्रा. निलीमा दामोदर इंगळे, यावल
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी - साहित्य में नारी.....
  - प्रा. दिलीप पंडीत पाटील, चोपडा
- मधु काँकरिया की कहानियों में नारी-चित्रण.....
  - प्रा. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा, यावल
- रामदरश मिश्रजी के उपन्यास में नारी .....
  - डॉ. यादव नामदेव मोरे, भोकरदन
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानियों में नारी.....
  - प्रा. राजेश मेरसिंग खर्डे, जलगाँव
- हिन्दी उपन्यासों में नारी - 'आपका बंटी' और 'स्वामी' उपन्यासों के विशेष संदर्भ में .....
  - डॉ. अनिता भिमराव काकडे, भोकरदन
- स्वातंत्र्योत्तर नारी के विविध रूपों का चरित्रांकन : शशिप्रभा शास्त्री की कहानियाँ .....
  - डॉ. मनोज नामदेव पाटील, जलगाँव
- सुनीता जैन के उपन्यासों में नारी व्यथा.....
  - डॉ. गिरीष एस. कोळी, भुसावळ
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी ग़ज़लकारों की ग़ज़लों में नारी समस्याओं पर चिंतन.....
  - डॉ. दिपक विश्वासराव पाटील, धुले
- ज्ञानप्रकाश विवेक की कहानियों में नारी विषयक दृष्टि .....
  - डॉ. देवेंद्र नारायण बोंडे, जलगाँव
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी महिला उपन्यासकार और नारी चेतना .....
  - प्रा. डॉ. नितीन रंगनाथ गायकवाड, वैजापूर
- रूक्मिणी के संघर्ष एवं सक्षमीकरण की कथा : रेत .....
  - प्रा. लक्ष्मी मधुकर तायडे, भुसावल
- प्रवासी साहित्य में नारी .....
  - अनुपमा तिवारी, विशाखापट्टणम

ISBN : 978-97-87129-3

मधु काँकरिया की कहानियों में नारी-चित्रण

- प्रा. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, यावल, जि. जलगाँव

बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में महिला लेखन अत्यंत तीव्रता से उभरकर सामने आया। विशेषकर हिंदी कथा-साहित्य में महिलाओं को केंद्र में रखकर कई उपन्यास एवं कहानियाँ लिखी गईं। जिनके माध्यम से नारी-जीवन के विविध पक्षों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया। नारी पर होनेवाले अन्याय-अत्याचार, शारीरिक और मानसिक शोषण, अस्तित्त्व बोध, आर्थिक स्वावलंबन, समानता का अधिकार, दहेज की समस्या आदि तमाम बातों का चित्रण हिंदी कथा-साहित्य में किया गया।

इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में स्त्रियों के विभिन्न प्रश्नों पर हिंदी कथा साहित्य में महिला लेखिकाओं ने नए सिरे से विचार-विमर्श प्रारंभ किया हैं। उन्होंने नारी जीवन से संबंधित सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक, मनोवैज्ञानिक आदि आयामों को दृष्टि में रखकर अनुपम साहित्य लेखन उपन्यासों एवं कहानियों के माध्यम से किया है। इन महिला लेखिकाओं में मन्नु भंडारी, मालती जोशी, प्रभा खेतान, उषा प्रियंवदा, ममता कालिया, शिवानी, मेहरून्निसा परवेज, मृदुला गर्ग, कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा, सूर्यबाला, सुनीता जैन, राजी सेठ इन लेखिकाओं के साथ ही मधु काँकरिया का लेखन अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। सूर्यबाला के अनुसार - अनुभव यही कहता है कि लेखिकाओं का क्षेत्र अधिकतर घर और नारी मन रहा है जबकि पुरूष लेखन का घर बाहर दोनों। लेकिन हम इस क्षति की पूर्ति भी तो कर लेती हैं। नारी मन की अथाह गहराइयों में पैठकर इतना तो मैं दावे के साथ कह सकती हूँ कि नारी के अंदर इतने गूढ, तिलस्म, गुफाएँ और प्राचीर हैं कि इन्हें भेद पाना आसान नहीं, जिनको जितनी सत्यता और ईमानदारी से भेद सकती है - पुरूष नहीं।[1]

मधु काँकरिया ने अपने कथा साहित्य में अपनी अनुभूतियों को बेबाक तरीके से अभिव्यक्त किया हैं। उन्होंने कथा-साहित्य में सदियों से चली आ रही दहेज प्रथा, बालविवाह, विधवा जीवन, वेश्या जीवन आदि विभिन्न पहलुओं का चित्रण किया हैं। इन्हीं समस्याओं का चित्रण मधु काँकरिया की कहानी चूहे को चूहा ही रहने दो, एक रूकी हुई स्त्री, दाखिला, आसमान कितनी दूर, कुल्ला आदि में नारी चित्रण दिखाई देता है। प्राचीन काल की नारी की तुलना में आज की आधुनिक नारी काँकरिया की कहानियों में विद्रोह करती हुई दिखाई देती हैं।

मधु काँकरियाँ के कुल तीन कहानी-संग्रह प्रकाशित हो चुके है। इनमें पहला कहानी-संग्रह भरी दोपहरी के अँधेरे में चूहे को चूहा ही रहने दो कहानी में कहानी की नायिका युवती अपने पति से प्रतिशोध लेना चाहती है कि, वह पति की पतिव्रता पत्नी नहीं रहीं। अपने मन की भडास निकालना चाहती है। क्योंकि पति ने उस पर कई बंधन डाल रखे थे। किसी हमउम्र इन्सान से बात तक करने को वह तरस जाती थी। इन्हीं परिस्थितियों के कारण कहानी की युवती अपने पति से बगावत करती है। कहानी में स्वयं युवती कहती है कि, इससे आगे बढ़ना मेरे एजेण्डा में नहीं था। आज की रात मेरे प्रतिशोध की रात थी।[2]

कहानी की नायिका दूसरे युवक को आमंत्रित कर जब चरमोत्कर्ष के क्षणों में खुद को उस ऐंद्रिय जाल में मुक्त कर लेती है तब युवती का प्रतिशोध कहीं न कहीं उसे आत्मसम्मान लौटाता हैं।

इस कहानी में मधु काँकरिया ने एक स्त्री की आंतरिक पीडा को बडी ही सजीवता से चित्रित किया है। उसके अंतर्द्वन्द्व का यह चित्रण शायद ही पहले कभी हुआ हो। पति के दबाव में जीती स्त्री का एक उन्मुक्त कदम। संवेदनशील मन को झकझोर देनेवाली यह कहानी हैं। यह कहानी एक नारी के मन का ज्वलंत चित्रण हैं।

मधु काँकरिया का दूसरा कहानी संग्रह बीतते हुए में एक रूकी हुई स्त्री कहानी में नायिका मानसी प्रेम में पागल एक ऐसी लडकी है, जो सालों अपने प्रेम को पाने के इंतजार में गुजार देती हैं। मेडिकल की पढाई करते-करते मानसी और सरबजीत प्रेमी-प्रेमिका बन जाते हैं। मानसी

ISBN : 978-97-87129-35-1

लहार, प्रतिभासंपन्न, उच्चशिक्षित होने के बावजूद प्रेम में सबकुछ समर्पित कर देती हैं। अपने प्रेमी के लिए मर मिटने को तैयार होकर अपना करियर तक दाँव पर लगा देती है। इसके विपरित सरबजीत अपने जीवन में करियर को महत्त्व देता है। इसलिए सरबजीत मानसी को छोड ऑल इंडिया मेडिकल इन्स्टिटयूट दिल्ली चला जाता हैं। इसके संदर्भ में मधु कहानी में लिखती है कि, यहाँ स्त्रियाँ बलात्कार की उतनी नहीं जितनी धोखे का शिकार होती है।[३]

मानसी सरबजीत से धोखा खाने के बाद भी अपने प्रेमी की राह देखती है। इस प्रकार आखिर तक मानसी सरबजीत के प्रेम के लिए तडपती हैं।

इस कहानी में मानसी अपने सर्वस्व को हासिल करने के लिए एक रूकी हुई स्त्री जीवन के कितने ही अंतराल के बाद भी उस व्यक्ति के लिए रूकी हैं। क्या सचमुच उसके जीवन में भी बहाव आयेगा यह सोचने पर मजबूर करनेवाली की यह कहानी नारी के संवेदनशील मन का चित्रण करती हैं।

इसी कहानी संग्रह की कहानी दाखिला में सुकीर्ति नामक युवती की व्यथा का चित्रण हैं। सुकीर्ति की व्यथा यह है कि उसका पति उसे छोडकर चला गया है। वह अपने बेटे विक्रम को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाना चाहती हैं। अपने बेटे के लिए तडप़ती माँ अपने भाई को ही पति बनाकर स्कूल में ले जाती हैं। किन्तु अपने बेटे को लाख सिखाने के बाद भी बेटा उसे पापा की जगह मामा कहकर पुकारता है। और सारा मामला बिगड जाता है। सुकीर्ति सोचती है कि उसके इतने होशियार-होनहार, कर्तव्यदक्ष बेटे को केवल उसकी वजह से स्कूल में दाखिला नहीं मिला तो वह अपने आपको कभी माफ नहीं कर पायेगी। कॉन्वेंट स्कूलों में दाखिले के वक्त माता-पिता दोनों का होना जरूरी होने के कारण दो-तीन बार उसका प्रयत्न असफल हो जाता हैं। इन सभी परिस्थितियों को देखता विक्रम अपनी माँ से कहता है कि, इस बार तुम गडबड नहीं करना। इंटरव्यू रूम में घुसते ही कह देना फादर को पापा हमारे साथ नहीं रहतें, नहीं तो पिछले इंटरव्यू की तरह इस बार भी मेरा दाखिला नहीं हो पायेगा।[४]

सुकीर्ति कहानी की नायिका की व्यथा अन्य नारियों से भिन्न हैं। लेखिका ने इस कहानी में परित्यक्ता नारी की समस्या का चित्रण किया है। एक परिवार, सुखी परिवार जीवन में कितना मायने रखता है कि बेटे को स्कूल में दाखिला दिलवाने के लिए उसे झूठ तक का सहारा लेना पडता है। अकेली स्त्री का जीवन बडा ही कठीण और संघर्ष से भरा होता हैं।

इसी कहानी-संग्रह की कहानी आसमान कितनी दूर में मंदा नामक स्त्री की छोटी-सी ख्वाहिश का चित्रण हैं। शादी से पहले ही सुहागरात का सपना सँजोए मंदा जब भैरोसिंग के घर आती है तो उसकी ख्वाहिश यही है कि सुहागरात के लिए एक पलंग खरीदूँ। लेकिन उसका यह सपना अधुरा रह जाता हैं। वह अपने पारिवारिक समस्याओं में इतनी उलझ जाती है कि अपने बेटे और बेटियों की शादी तक करा देती हैं। मंदा की बडी बेटी मंगला द्वारा यह सपना पूरा होने ही जा रहा था कि, बेटी की सौगात स्वीकार करना मंदा के पति भैरोसिंग की संस्कृति में नहीं था। किन्तु बेटी के आग्रह खातिर उन्होंने पलंग तो रख लिया, पर मंदा के लिए नहीं पुत्रवधू के लिए जिसपर मंदा एक-बार लेटने की ख्वाहिश रखती हैं। इसी ख्वाहिश के कारण जब वह पलंग पर लेटती है तब उसे एहसास होता है कि, कितना अपूर्व लग रहा था... जमीन से तीन फिट ऊँचा उठकर सोना। शरीर का अंग-अंग जैसे इस अद्‌भुत अनुभूति से अभिभूत था। विश्वास ही नहीं हा रहा था कि सचमुच वह ही सोई है पलंग पर। इसी एक पल के लिए जाने कितने स्वप्न देखे थे उसने।[५]

मंदा के द्वारा कहानी में मधु काँकरिया ने नारी के संवेदनशील रूप को चित्रित किया हैं। लेखिका ने इस कहानी में प्रस्तुत किया है कि, एक सामान्य किशोरी का सामान्य सपना उम्र के पडाव तक पूर्ण नहीं होता। परिवार के भरण-पोषण, कल्याण में वह अपने आपको ढाल देती है। इसका सजीव चित्रण हुआ हैं।

मधु काँकरिया का तीसरा कहानी-संग्रह और अंत में इशु है। इस संग्रह की कहानी कुल्ला में नारी का चित्रण व्यक्त हुआ है। इसमें नायिका प्रमिला को पति द्वारा हीनता से भरा बर्ताव मिलता है। दाम्पत्य जीवन में जहाँ पति-पत्नी दोनों एक-दूसरे के जीवन के रथ के पहिए होते हैं। प्रमिला पति के प्रेम में अपना सर्वस्व लुटा देने को तैयार। परंतु नयी ब्याहता पत्नी के साथ उसका पति उसके साथ आक्रोशपूर्ण व्यवहार करता हैं। प्रमिला पति का दिल जीतने के लिए बडे.चाव से पति के लिए रसोई में कुछ पन्ना ही रही थी कि उसकी पीठ पर पीछे से टूथपेस्ट के झाग का कुल्ला पति के ही द्वारा मादा जाता है। जूठे कुल्ले से प्रमिला खौल उठती हैं। अपमान से थरथराई वह पति पर बरस पडती है। प्रमिता सोचती है कि, इशश... किस कूडेदान की अर्चना करती

International Multilingual Research Journal

Vidyawarta®

MAH/MUL/03051/2012
ISSN-2319 9318

Special Issue

17-18

श्री शिवाजी विद्या प्रसारक संस्था का

भाऊसाहेब ना.स.पाटील साहित्य एवं मुल्ला फिदा अली मुल्ला अब्दुल अली वाणिज्य महाविद्यालय, देवपुर, धुले (महाराष्ट्र)

स्नातकोत्तर हिंदी विभाग

एवं

उत्तर महाराष्ट्र हिंदी प्राध्यापक परिषद

के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित

वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय हिंदी संगोष्ठी

'इक्कीसवीं सदी का हिंदी कथा-साहित्य : विविध आयाम'

रविवार, ४ फरवरी २०१८



संपादक

डॉ.अश्फ़ाक़ सिकलगर

54) करुणा उपन्यास में चित्रित दलित चेतना || 173
इबरार खान

55) एक औरत : तीन बटा चार' कहानी संग्रह में चित्रित भौतिकता का यथार्थवादी चित्रण || 177
प्रा. संजय प्रल्हाद महाजन

56) काला पहाड़ उपन्यास में जनजातिय जीवन || 180
डॉ. मनोहर हिलाल पाटील

57) जहाँ जिन्दगी कैद है में मानवीय मूल्यों का विघटन || 183
प्रा.डॉ. कल्पना राजेंद्र पाटील

58) समयातीत गाथाएँ स्त्रियों की - मृणाल पांडे || 185
डॉ. राजेंद्र गणपत पाटील

59) आदिवासी कंजर समाज की नारी का जीवन्त दस्तावेज - रेत || 187
प्रा. शेख जाकीर एस.

60) अनामिका के कहानियों में चित्रित नारी || 190
प्रा. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा

61) मृदुला गर्ग के मिलजुल मन उपन्यास में नारी चित्रण || 194
प्रा.डॉ.वनिता त्र्यंबक पवार

62) "ग्लोबल गाँव के देवता उपन्यास का मूल्यबोध" || 199
डॉ. अशोक एम. पवार

63) मानवीय संदर्भो को तलाशता यथार्थ — 'मुर्दहिया' || 202
प्रा.दिलीप पी.पाटील,जि.जलगांव

64) ``सुरजपाल चौहाण कृत `तिरस्कृत` में दलित चेतना`` || 204
प्रा. विष्णु जी. राठोड

65) `मोहनदास` कहानी में चिंतन के विविध आयाम || 206
प्रा. रविंद्र रामदास खरे

66) शिवानी की कहानियों में चित्रित सामाजिक समस्याएँ || 209
प्रा. निंबा लोटन वाल्हे

67) मार्च, माँ और साकुरा कहानी संग्रह के संदर्भ में || 211
तायडे राजाराम बाबुराव

https://sites.google.com/site/vidyawartajournal http://www.vidyawartajournal.blogspot.com

भी आज मॉडर्न और सभ्य समाज की औरतें जो कुछ नहीं पा सकती उसे एक खिलावड़ी रूक्मिणी पा लेती हैं। दांवपेंच, छल-प्रपंच के साथ अपनी देह को धरमपूरा सीट के चुनाव के लिए हथियार बनाकर जिस चतुराई के साथ वह चुनाव जीतती है और उपमंत्री पद की शपथ लेती है, वह विस्मयकारी है।[१०]

अतः भगवानदास मोरवाल जी का यह उपन्यास नारी अस्मिता और कंजरजाति के अस्तित्व को बचाएं रखने का प्रयास करता हैं। यह उपन्यास कंजर जाति की आस्था धार्मिक विश्वास, समाज, संस्कृति का आईना हैं। वास्तव में यह अनुपम हैं। इसमें कंजर जनजाति का इतिहास रीति-रिवाज और उनकी सामाजिक जीवन आदि का प्रामाणिक चित्रण हुआ है। जो निश्चित रूप से प्रशंनीय हैं।

सन्दर्भ ग्रन्थ :-

१) रेत - भगवानदास मोरवाल - पृष्ठ २२
२) पूर्ववत - पृष्ठ ५५
३) पूर्ववत - पृष्ठ ५५
४) पूर्ववत - पृष्ठ १४४
५) पूर्ववत - पृष्ठ १६३
६) पूर्ववत - पृष्ठ १२१
७) पूर्ववत - पृष्ठ १८२
८) पूर्ववत - पृष्ठ ११२
९) पूर्ववत - पृष्ठ १११
१०) समीक्षा संपा. गोपालराय अप्रैल-जून २००८, पृष्ठ १५
११) उपन्यासकार भगवानदास मोरवाल - डॉ. मधु खराटे
१२) आदिवासी केन्द्रित हिन्दी उपन्यास - डॉ. प्रमोद चौधरी

❑❑❑

60

अनामिका के कहानियों में चित्रित नारी

प्रा. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा
हिंदी विभाग,
कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, यावल, जि. जलगाँव

समाज की गतिशीलता में स्त्री-पुरूष की संयुक्त और महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कहा जाता है यह दोनों परिवाररूपी रथ के पहिए है। इनमें से किसी एक की गति शिथिल होने का तात्पर्य यह है दोनों में विरोधाभास की स्थिति आ गई है। इसलिए स्त्री और पुरुष दोनों एक-दूसरे को पूरक है। आचार्य रामचंद्र वर्मा ने नारी के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए मानक हिंदी कोश में अपना विचार इस प्रकार व्यक्त किया है, ``विशेषतः वह स्त्री जिसमें लज्जा, सेवा, त्याग आदि गुणों की प्रधानता हो वह नारी है।``[१] अनामिका के उपन्यास `विल्लू शेक्सपियर : द पोस्ट बस्तर` में मान्यता मैड़म के माध्यम से पारिवारिक स्थिति का चित्रण किया है। मान्यता मैड़म के बार में उदाहरण द्रष्टव्य हैं,``घरेलू मुकदमें, मेरी बदनामियाँ, राजनैतिक गिरफ्तारियाँ, अनिश्चिताएँ, गलतफहमियाँ और लम्बी बिमारियाँ. ....! घरेलू रगड़ो-झगडों और संकटों-तनावों की ये ही पेटेंट सूची हैं जिस पर टिक-टिक करता जीवन चुक जाता हैं।``[२] मान्यता मॅडम इन सारी समस्याओं के बावजूद भी अपने जीवन में संघर्षशील है। इस प्रकार अनामिक ने मान्यता मॅडम के जीवन में आई समस्याओं का चित्रण प्रस्तुत किया है।

समाज में प्रचलित प्रथाओं के अनुसार, नारी घर में, परिवार में और समाज में उपेक्षित थी। घर में सास-ससुर तथा पति की इच्छा के अनुसार ही रहती है। वह आर्थिक दृष्टि से परतंत्र और समाज में प्रताडित है। नारी को प्रेम करने का अधिकार नहीं था। नारी केवल उपभोग का साधन मानी जाती थी । पुरूषों की वासना का शिकार हो चुकी थी। इस सम्बन्ध में अरविंद जैन लिखते है ``सामंती व्यवस्था में नारी एक वस्तु है, संपत्ति है, संभोग और संतान की इच्छा पूरी करने वाली मादा है।``[३] परिवार में पितृसत्ता वर्चस्व के कारण नारी को घर में दुय्यम स्थान दिया जाता हैं। ऑफिस से आने पर स्त्री को पति के आज्ञा का पालन करना पड़ता हैं। अगर इसमें गलती होती है तो,

गालियों की बौछार सहनी पड़ती हैं। इस बारे में शीरीन कहती हैं, ``जैसे की हर घर में दूध और सब्जी का उठाना होता हैं न कि रोज इतना आना ही हैं, हमारे घर अब्बू की ढाई थोड़ी गोलाबारी, ढेर-सा कुआत रोज का उठाना था ! बाकी अलग से भी गाली-गलोज, डॉट-मार-मलामत ओर कोर्ट मार्शल के हजार प्रसंग !``[४] पुरूष अपने अधिकार का इस्तेमाल करता हैं। उसके मन के विरूध्द होनेवाली बातों पर अपनी भड़ास निकालता हैं। इतना ही नहीं बल्कि पशुता का व्यवहार करता हैं। शीरीन इस बारे में तारा से कहती है कि, ``अम्मी दरअसल अब्बू का बॉक्सिंग बैग हैं``[५] स्त्री को समाज में उपेक्षित पात्र के रूप में देखा गया है। यह किस्सा सिर्फ शीरीन के घर का ही नहीं बल्कि कई घरों का हैं। घर में स्त्री को मार-पीट, गाली-गलोज का शिकार होना पड़ता हैं। यह स्थिति सिर्फ घर में रहनेवाली स्त्रियों की ही नहीं बल्कि नौकरी करनेवाली स्त्री को भी शक की नजर से देखा जाता हैं। ऐसे घरो में किसी छुट्टी के दिन किसी व्यक्ति का फोन आता हैं तो वह उसे शक की नजर से देखता जाता हैं। इस बारें में शेफालिका कहती हैं कि, `हमारा संडे फंडे न होकर गनडें हो जाता। प्याले में तुफान उठते ही रहते।``[६] स्त्री को जीवन में संघर्ष करना पड़ता हैं। परिवार के किसी भी सदस्य की गलती होने से सारी मुसीबत माँ पर ही आती हैं। घर में पुरूष अपने अधिकारों का इस्तेमाल करके, घर से बाहर निकल जाने को कहता है। घर में स्त्री की औकात बता दी जाती हैं। शीरीन के पिताजी उसकी माँ को इसी तरह कहते हैं कि,``ये देखो- सफाई की है, जूठन की ट्रे से सड़ा पड़ा हैं चीनी का डब्बा !.... और इस कपड़े के वार्डरोब पर खरोंच कैसे पड़ी... देखो, अभी उठके देखो- और सुनों, ऐसे किराएदारों की तरह बेदिली से घर में रहना हैं तो अपना रहने का इतंजाम कहीं ओर करो !चली जाओं ``[७] लेकिन स्त्री के पास कोई दूसरा पर्याय नहीं होता। अगर वह प्रयास भी करेगी तो अपने भाई को कहती है और भाई बुध्द की तरह अपने वाक्य कह देते हैं। इसका उदाहरण परिलक्षित होता हैं। जैसे, वह कहता है, कि ``हिम्मत नहीं हारो.... जैसे गजराज रणक्षेत्र में हर ओर से तीर आता हूआ देखकर भी लक्ष्य विमुख नहीं होता, तुम भी डटो, अपनी राह नहीं छोडों, तुमसे बड़ा सवाल स्पंदन का हैं तुम्हे दूसरा पति-प्रेमी मिल जाएगा, उसे दूसरा पिता कहाँ मिलेगा ?``[८] क्या स्त्री का अस्तित्व सिर्फ दूसरों के लिए हैं ? उसका खुद का जीवन नहीं होता? क्या उसकी अस्मिता, सम्मान स्त्री के लिए नहीं है ? इसका उत्तर अनामिका ने अवंतिका देवी के माध्यम से देने का सफल प्रयास किया हैं। अवंतिका देवी पति व्दारा घर से निकाली जाती है। वह सीपीएम की सांसद होती है। वह अपने अनुभव तारा को कहती है, कि ``और बेटा, एक तरह कॉल गर्ल औरत होती हैं-व्याहता गृहस्थिन भी। कॉलगर्ल को यह छूट होती हैं कि हर कॉल पर वह प्रस्तुत न हो, पर गृहस्थिन की क्या मजाल। आगे याद हैं मुझे, कभी-कभी उनका प्रंचड क्रोध शांत करने के लिए या झगडे के संक्षिप्त समाधान के लिए खुद भी देह बिछा दी मैंने, एक ब्याहता के रूप में ही देह का उपयोग एक `ट्रेप` की तरह किया। जब कोई उपाय नहीं सूझा तो घर की `शांति` के लिए और अपने भी अज्ञात भयों से निजात पाने को एक `फंदे` की तरह देह बिछाई मैंने। जो बात सुनने को तैयार हो ही नहीं, उस पति के आगे एक `शॉर्टकट` की तरह अपनी देह बिछा देने को मजबूर पत्नियों की व्यथा-कथा किसी कॉलगर्ल से कम नहीं होती उस क्षण।``[९] घर में स्त्री शांति के लिए देह का इस्तेमाल करती है। इस प्रकार स्त्री जीवन में संघर्ष के साथ अपना मार्ग खोजने का प्रयास करती है।

अनामिका एक नारी के मन की करूण गाथा प्रस्तुत करती हैं। समाज में चलने वाली कुप्रवृत्तियों में घरेलु हिंसा भी महत्वपूर्ण हैं। घर के चार दीवारों के बीच चलनेवाली इन घटनाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता। स्त्री को पति रात को मार-पीटकर अपना वर्चस्व दिखाता है। इस तरह स्त्री शोषण का शिकार होती है। स्त्री अपने विचारों, भावानाओं का दमन करती है। दूसरे दिन अपने-अपने काम करती है। इस बारे में अनामिका लिखती है, ``पिट-पिटकर औरत क्या करेगी ? कुछ देर चिखेगी, फिर रोएगी-रुठेगी और उसके बाद धीरे-धीरे बिना मनाए मानकर काम-धाम में व्यवस्थित हो लेगी, पहले घर में मुस्कुराएगी और उसके बाद बाहर जाकर भी लगेगी हंसने, सभा में, मंच पर, हर जगह नजर आएगी औरत की हंसी, और कुछ नजर नहीं आएगी। क्या हंसी ही नये जमाने का घुघट हैं।``[१०] वह भी क्या कर सकती हैं। किसी के आगे वह नहीं बता सकती अगर ऐसा बता दिया तो लोग एक बुलाने पर दस आ जाते हैं। वह स्त्री की पीड़ा कम करने नहीं बल्कि अपनी भूख मिटाने का एक साधन मात्र के रूप में देखते हैं। किसी बेसहारा स्त्री को सिर्फ एक अच्छा मित्र चाहिए, पुरूष नहीं। इस संदर्भ में अनामिका लिखती है कि,``सर्वतोमुखी प्रेम का दावा ठोंकने वाले देह-लोलुप प्रेमी तो `तीन बुलावै, तेरहा आवै` की तरह थोक में राह-मिल जाते हैं मगर देह-निरपेक्ष कोई सच्चा दोस्त नहीं मिलता किसी अकेली स्त्री को।``[११] समाज में बेसहारा स्त्रियों के प्रति पुरुष कठोरता का व्यवहार करते है। उसे उपभोग का साधन मानते है।

स्त्री अपने दुख दूसरों के पास व्यक्त नहीं करती। मान्यता मैडम अपने पारिवारिक जीवन का रथ ढो रही थी लेकिन मान्यता मैडम और प्रो.आशिष बचपन से साथ में पढा-लिखा करते थे। ये दोनो शादी भी करने वाले थे, लेकिन प्रो. आशिष विदेश जाने के बाद उनका विवाह नहीं हो सका। लेकिन वह विदेश से लौटकर कहता है

कि, ``मैंने स्वयं को पूरा अर्पित कर रखा है, आपसे तो कुछ भी अपेक्षा नहीं की, पढ़िए-लिखिए, अपने दायित्व पूरा करीए, बस इतनी छूट दीजिए की हर दिन एक बार दस मिनट का खातिर फोन कर लिया करूँ !``[१३] समाज में ऐसे रिश्तों को क्या नाम देना चाहिए ? क्या एक स्त्री और पुरुष के बीच मित्रता नहीं हो सकती ? क्या वह सच्चा मित्र नहीं हो सकता ? ऐसे कई प्रश्न स्त्री के मन में उठते है। मान्यता मैड़म कहती है, ``मेरे स्वभाव में यही खराबी है कि स्नेह को लोग प्रेम समझ ा लेते हैं। और तरह-तरह की उम्मीदें लगते है करने जिनसे मेरा मन घबड़ा जाता हैं।.... अब इसे कैसे निबटूँ !``[१३] अनामिका ने मान्यता मैड़म के माध्यम से स्त्री की मनोदशा का चित्रण किया है।

प्रेम संसार को सरस बनाकर गतिशील रखने का मुख्य आधार है। प्रेम पर लोभ, द्वेष और वासना का उभरता रंग उसे विकृत करता जा रहा है। पूर्व समय में `प्रेमिका` शब्द पूर्ण सम्मान से लिया जाता था। क्योंकि दोनों पक्षों के प्रेम में सामायिक रंग, मान्यताओं को सम्मान, पारिवारिक सहजता और जीवन जीने का सहज मार्ग दिखाई देता था। लाल और रूनू दोनों प्रेम करते हैं। प्रेम के आवेग में उनके शारीरिक संबंध हो जाते हैं। जब शादी की बात आती है, तो लाल उसे अपने कर्तव्य की याद दिलाता हैं। लाल अन्य पुरुषों की तरह सपना समझकर भूला देना चाहता हैं। वह कहता है कि, ``तुम्हारी कोख में मेरा बीज तो है ही ! इसे ही उदात्त भाव से पालना या चाहो तो मुक्ति पाकर किसी अच्छे लड़के से ब्याह के लिए भी स्वंतत्र हो ! मेरी तरफ कोई बाधा नहीं देखते-देखते अपने नये घर-संसार में मुझे भूल जाओगी। समझना कि एक सपना देखा था..... ``[१४] क्या समाज में रहकर बिना विवाह के बच्चे को जन्म देना संभव है ? आज समाज में `प्रेम` शब्द विकृत हो गया है लेकिन अफजल जैसे भी पुरुष होते हैं जो रूनू को प्रेम करते है। लाला और रूनू दोनों के बीच आना नहीं चाहता था। लेकिन रूनू को कभी अकेला भी नहीं छोड़ा। लाल चले जाने के बाद अफजल ने दूसरी शादी भी नहीं की। अफजल ने कभी रूनू से कुछ नहीं चाहता लेकिन पिता की तरह रूनू की बेटी की जिम्मेदारी स्वयं संभालता है। अफजल कहता है कि,``रूनू छोटे बच्चों के स्कूल में पढ़ाती हैं। मेरी प्राविडेण्ड फण्ड के पैसे है हीं। मिला जुलाकर किसी तरह काम चल जाएगा।``[१५] अफजल रूनू से प्रेम करता था यह बात उसे कभी नहीं पता चलने दी। रूनू के देहांत के दिन ही अफजल ने आत्महत्या कर ली। समाज में ऐसे भी प्रेमी होते है, जो स्वयं के बारे में नहीं सोचते बल्कि अपने अतीत प्रेमी के प्रति अपना दायित्व निभाते हैं लेकिन टुन्नन जैसा व्यक्ति प्रेम को बता कर मीरा को अपने अस्मिता के प्रति जागरूक करता हैं। जब मीरा को अपने ससुरालवाले लोग तंग करते है, अपनी बीमार माँ से अंतिम समय मिलने नहीं जाने नहीं दिया जाता, तो टुन्नन कहता हैं कि, ``अन्याय सहना भी अन्याय ही है मीरा । तुम सारे बन्धनों को तोड़कर आ जाओं। मैं दुनिया की सारी खुशियों से तुम्हारा दामन भर दूँगा। रूनू मौसी भी हमारे साथ रहेंगी। जब दुनिया को हमारी परवाह नहीं तो हम दुनिया की परवाह क्यों करें ? हम अलग ही दुनिया क्यों नहीं बसाएँ ?``[१६] टुन्नन मीरा को अपने अधिकारों की याद दिलाने का प्रयास करता है। वह समाज के ऐसे रिश्तों को बोझ समझता है।

पति के पापाचार के विरूध्द खड़ी होती दीक्षा का दृढ निश्चय, उसका नन्ना के घर चली आती है। वे पारिवारिक जीवन की स्वार्थपूर्ण प्रवृत्ति से त्रस्त होकर कहती है, ``तूने ही ठीक किया, नन्ना कि पारिवारिक को जीवन की इकलौती केंद्रीय सच्चाई बनकर अपने पूरे हावी नहीं हो जाने दिया.... चार गज कपड़े से भी बदतर हो जाती है आदमी की जिन्दगी अगर कोई बड़ा सामाजिक उद्देश्य लेकर चला न जाए-बचपन में दर्जी के हाथ में रहती हैं, यौवन में शो-केस के हैंगरों में टंगी हुई और बुढापा आते-आते धूल-भरे बक्से में बंद-बंद लगती है, गुमसाइन महकने !``[१७] अनामिका ने स्त्री जीवन की सच्चाई को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

नारी विवाह के कारण पति से जुड़ी होती है, परंतु कुछ परिस्थितियों में वह पति को छोड़कर किसी अन्य पुरूषों के प्रति आकृष्ट होती है। यह आकर्षण वासना की भूख मिटाने के लिए किया जाता है। फैनी पावर्स के पति को पागलपन के दौरे पड़ते है वह उसे नौकरों के सहारे छोड़कर चली आती हैं। अपने पति से उसे शारीरिक सुख नहीं मिलता हैं तो वह दूसरों के माध्यम से पूरा करती है ``.... इस तरह मैंने पूरा भारत देखा.... कई रजवाड़े में राही-राजा से लेकर फकीर तक-मेरे जितने प्रेमी हैं-उनसे मेरा सुख और दुःख-दोनों का साथ हैं।``[१८] फैनी पावर्स के माध्यम से अनामिका पाश्चात्य संस्कृति के स्त्री का चित्रण करती है। अनामिका फैनी पावर्स के माध्यम से पूरे विश्व में एक अलग विचार को प्रस्तुत करना चाहती हैं। उपन्यास में फैनी पावर्स ने इतने लोगों के साथ अपनी प्रणय क्रीडा की, लेकिन किसी का परिवार उजड़ने नहीं दिया। इस बारें में फैनी कहती है कि, ``इतना मैंने ध्यान रखा कि मेरे चलते किसी का घोंसला न उजडें ! उसको ही पास फटकने दिया जो मेरी तरह बिल्कुल निस्संग था।``[१९] लेकिन यह आकर्षण जब घनिष्ट होता है तब विवाह बाह्य दाम्पत्य भाव का स्वरूप धारण कर लेता है।

वेश्या समाज की लिए एक ज्वलंत समस्या है। वेश्या के मूल में हमारे समाज की आर्थिक स्थिति है। समाज में कोई भी स्त्री वेश्या व्यवसाय को अपनाने के लिए तैयार नहीं होती। इस संदर्भ में डॉ. रामेश्वर नारायण लिखते है, ``वेश्यावृत्ति का विकास सामाजिक

नैतिकता के अध:पतन का सूचक है। पाश्चात्य देशों में वेश्यावृत्ति उपेक्षित नहीं क्योंकि वहाँ यौनेच्छा पूर्ति की स्वतंत्रता है। भारतीय संदर्भ में अभी तक यह संभव नहीं है कि यौनभावना को स्वच्छंद छोड़ दिया जाए, इसलिए इस पर सामाजिक अंकुश के साथ-साथ सरकारी अंकुश भी है, किन्तु वेश्याओं के पक्ष में अगर विचार किया जाए तो यह निष्कर्ष निकलता है, कि वेश्यावृत्ति उनके लिए एक समस्या है क्योंकि यह वृत्ति अपनाने के लिए वेश्याएँ स्वच्छंद नहीं है।''[२०] अत: अपनी आजीविका चलाने के लिए उनकी मज़बूरी है। नारी इस जन्म में क्या किसी भी जन्म में लड़की बनने की चाहत नहीं करेगी। जो नारी वेश्या व्यवसाय में जुड़ी होती है, उसका घर, परिवार, बच्चे आदि की कामना करना मुश्किल है। नारीत्व के सभी गुण होने के बाद भी वह अपना खुद का परिवार नहीं कर सकती। समाज के भेड़ियो की कामवासना को उसी को मिटाना हैं। उसका पूरा जीवन इसी दलदल में व्यतीत हो जाता है। समाज इस वर्ग को उपेक्षित करने के बाद आम व्यक्ति जैसे इनका जीवन नहीं होता। समाज में ऐसे कोने में रखा है, कि कभी कोई भी प्रकाश उनकी और नहीं आएगा। साहित्यकार अपनी रचना में ऐसे ही वर्ग की बात साहित्य के माध्यम से समाज के सामने लाने का प्रयास करता है।

अनामिका द्वारा स्त्री के कोमल भावों के साथ-साथ उसके जीवन की कठिनाइयों को चित्रित करने का सफल प्रयास किया गया हैं। उनके पात्र हमें समाज में, मुहल्ले में, गाँव में कहीं भी देख सकते हैं। अनामिका के उपन्यासों में देह व्यापार करनेवाली नारी का चित्रण यथार्थ धरातल पर दृष्टिगत होता हैं। बचपन का एक उदाहरण तारा अपनी मां का चित्रण प्रस्तुत करती है, ``चलना कहाँ हैं ? चार-पाँच की ही रही होऊँगी तब, अम्मी को ऐसा ही करते देखा थी ! सों बातों में वक्त जाया नहीं करतीं, झट कहती हैं-`चलना कहाँ हैं ? जाने को जगह नहीं होती तो अक्सर मुझको ही खटिया के नीचे सुलाकर ऊपर वह आँधी-तुफान झेलती और फिर झट पल्लू से जाँघें पोंछती हुई, कहती-`चला आ बहार आ जा, बेटी, चलते हैं चौक पर, जलेबी खिला लाऊँ।''[२१] हमेशा साहित्यकार ऐसा अछूत और अंधेरा कोना समाज के सामने लाता है। बचनप में माँ को जीवन को देखकर तारा कॉलगर्ल बन जाती है। इस सम्बन्ध में अनामिका लिखती है,``अम्मा ने मिशनरी स्कूल में पढाया था। देखने में ठीक थी, इसलिए अक्सर विदेशी मेहमानों को सप्लाई होती ! और उमर कम थी, इसलिए मुझमें वात्सल्य के सूत्र भी ढूंढ लेते वे कभी-कभी ! मेरी उमर की अक्सर उनकी बेटियां होती जिनकी याद भी आती । एक साहब तो,खैर, इतना दयालू था कि प्यार-प्यार करने के बाद उसने मुझे बिस्कुट खरीद दिए और किताबें भी !उसका पता मैंने बहुत दिन संभाल कर रखा। ऐसी ने कहा था कि कभी कोई काम शुरू करना चाहें तो ढेर-सा पैसा भेजेगा।''[२२] वेश्या व्यापार करनेवाली स्त्रियों के पास अलग-अलग व्यक्ति ग्राहक बनकर आते हैं। जब कोई विवाहित अपनी पत्नी के साथ जो देती है वासना पूरी नहीं कर पाता वह भडास इन वेश्याओं के देह पर निकालता है। इस संदर्भ में तारा कहती है, कि ``अब अपने जीवन का रोना रोएगा, अब अपने फ्रश्ट्रेशन मुझ पर निकलेगा, अब अपनी फैंटेसी आजमाएगा.... कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मैं बस ऊर्जा बोर्ड हूँ और तरह-तरह की आत्माएँ मुझ पर उतरती हैं।..''[२३] समाज भूल जाता है कि यह भी एक स्त्री है। समाज में वेश्याओं को सिर्फ उपभोग का साधन माना जाता है। पुरुष धन के बल उसके मन के विरूध्द देह के साथ खेलता है। वेश्याओं के प्रति इतना पशुता का व्यवहार किया जाता हैं। अनामिका ने नारी मन का ऐसा कोई कोना अछूता नहीं छोड़ा जो किसी वेश्या के जीवन में ना घटा हो। किसी दिन अगर वहीं ग्राहक आने पर प्रतिरोध किया तो सिर्फ गालियों के बिना कुछ नहीं मिलता। वह महाक्रूर हँसी हँसकर बोलता है कि, ``तेरी औकात ही क्या हैं ? रंडी ? रंडी ही है न तू ? चुपचाप मेरा कहना मान !''[२४]

समाज में वेश्या व्यवसाय के कारण अनैतिक घटनाएँ कम होती हैं। स्त्री के शोषण में बलात्कार जैसी घटनाएँ दिखाई देती है। पुरुष अपनी वासना की हवस मिटाने के लिए वेश्याओं के पास जाता है। समाज में वेश्याओं के प्रति उदासीनता दिखाई देती हैं। पुरुष वेश्याओं को तुच्छ मानते है। अनामिका इस संदर्भ में लिखती है कि,``रण्डी-रणचण्डी- बचपन में एक सहेली के घर जाती थी तो चिढ़ाते थे उसके भाई..... उस समय तो मैं कटकर रह जाती थी, बहुत जल्द ही उसके घर आना-जाना छोड़ दिया.... पर आज कहीं मिले तो नज़रे मिलाकर जबाब दूँ- तुम्हारी माँ-बहने सुरक्षित है तो हमारे ही कारण ! मरद की हवस के बहुत रंग देख लिए ! सारी लल्लो-चप्पो एक ही नरक कुण्ड में जाकर गिरती हैं.... ''[२५] अनामिका के उपन्यास में वेश्याओ के जीवन का सत्य सामने लाने का प्रयास किया हैं। समाज में यह ऐसा कटा वर्ग है लेकिन इसके बिना समाज नहीं चलेगा।

निष्कर्षत: हम देख सकते है कि परिवार में पत्नी का प्रेमी अथवा पति की प्रेमिका समस्या की जड़ है। परिवार में नारी पति से भौतिक समृध्दि की अपेक्षा उससे एक आत्मीय भाव, प्रेम और विश्वास चाहती है। वह पुरूष के सहद्यता की प्यासी है। ससुरालवालों ने मीरा को घर से निकाल दिया। आस-पड़ोस मित्र-मण्डली कान्त से सीधे-मुँह बात नहीं करते। समाज में विवाहित पुरुष किसी विधवा स्त्री को घर में रखता है तो समाज उसे अनैतिक व्यवहार मानकर बाधा उत्पन्न करते है। ऐसे परिस्थिति में वह स्त्री समाज के सामने उपभोग

Impact Factor – 6.261 Special Issue - 131 Feb. 2019 ISSN – 2348-7143

INTERNATIONAL RESEARCH FELLOWS ASSOCIATION'S

RESEARCH JOURNEY

UGC Approved Journal

Multidisciplinary International E-research Journal

18-19

हिंदी साहित्य में विविध विमर्श



■ GUEST EDITOR ■
Principal Dr. P. R. Chaudhari

■ EXECUTIVE EDITOR ■
Dr. Vijay A. Sonje

■ ASSOCIATE EDITOR ■
Dr. Kalpana L. Patil
Dr. Ishwar P. Thakur
Dr. Satish D. Patil

■ CHIEF EDITOR ■
Mr. Dhanraj T. Dhangar

This Journal is indexed in :

- Scientific Journal Impact Factor (SJIF)
- Cosmoc Impact Factor (CIF)
- Global Impact Factor (GIF)
- Universal Impact Factor (UIF)
- International Impact Factor Services (IIFS)
- Indian Citation Index (ICI)
- Dictionary of Research Journal Index (DRJI)

For Details Visit To : www.researchjourney.net

SWATIDHAN PUBLICATIONS

४४	'त्यागपत्र' उपन्यास में स्त्री-विमर्श हबीब खान	१०० १०२
४५	नारी विमर्श और समकालीन महिला कथाकार देवेन्द्रसिंह ठाकुर	१०५
४६	विमर्शों के दौर में हिन्दी कविता (दलित, स्त्री, आदिवासी विमर्श के विशेष संदर्भ में) डॉ. गजानन सुरेश वानखेडे	१०९
४७	आदिम कला 'ललमनियाँ' कहानी में स्त्री विमर्श प्रा.डॉ. लता नामदेव पेंडलवाड	१११
४८	अंतिम दशक की हिंदी कविता में व्यक्त पारिवारिक विमर्श प्रा. अनिल बाबुलाल सूर्यवंशी	११४
४९	प्रभा खेतान के काव्य में चित्रित लैंगिक संवेदना डॉ. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा	११८
५०	समकालीन हिंदी गजल के विविध आयाम प्रा.डॉ. मुकेश दामोदर गायकवाड 'मुकेशराजे'	१२१
५१	'सलाम आखिरी' उपन्यास में चित्रित वेश्या समस्या और समाधान प्रा. नटवर संपत तडवी	१२३
५२	आदिवासी भील्ल जनजाति का सामाजिक एवं सांस्कृतिक अध्ययन प्रा. अंजीर नथ्थू भील	१२५
५३	डॉ. सुरेंद्र विक्रम के साहित्य में बालमनोवैज्ञानिकता का चित्रण डॉ. अशफ़ाक़ इब्राहिम सिकलगर	१२७
५४	भगवानदास मोरवाल के उपन्यासों में स्त्री-विमर्श प्रा.डॉ. मनोहर हिलाल पाटील	१२९
५५	आदिवासियों के शोषण का चित्रण करता दस्तावेज- 'पोस्टर' प्रा.डॉ. मनोज महाजन	१३१
५६	२१ वी सदी में हिंदी महिला उपन्यास लेखन प्रा.डॉ. मंजु पु. तरडेजा (सिंधाणी)	१३३
५७	'मुझे चाँद चाहिए' उपन्यास में नारी विमर्श प्रा. माधुरी सुरेष ठाकरे	१३५
५८	निरूपमा सेवती के कहानियों में 'वृध्द विमर्श' डॉ. राहुल सुरेश भदाणे	१३७
५९	हिंदी ग़ज़लकारों की ग़ज़लों में नारी विमर्श डॉ. दिपक विश्वासराव पाटील	१३९
६०	अवधी लोकगीतों में नारी जीवन के विविध आयाम प्रा. सौ. स्वाती व्ही. शेलार	१४१
६१	कृष्णा सोबती का उपन्यास 'दिलो दानिष' में अभिव्यक्त नारी-विमर्श डॉ. आशा दत्तात्रय कांबळे	१४३
६२	गीतांजलि श्री का उपन्यास 'रेत-समाधि' में वृद्ध विमर्श तायडे राजाराम बाबुराव	१४५
६३	धार्मिकता एवं सांस्कृतिकता से भरी मिथिलेश्वर की कहानियाँ डॉ. मनोज नामदेव पाटील	१४७
६४	भगवानदास मोरवाल के उपन्यासों में मुस्लिम स्त्री विमर्श प्रा. डिम्पल एस. पाटील	१५०
६५	अनामिका की कविताओं में स्त्री विमर्श डॉ. रेखा गाजरे, भावना बडगुजर	

ISSN : 2348-7143
Feb. 2019

प्रभा खेतान के काव्य में चित्रित लैंगिक संवेदना

डॉ. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा
हिंदी विभागाध्यक्ष, कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, यावल, जि. जलगाँव

सदियों से पुरूष नारी का यौन-शोषण एवं वह शोषित रही है। मध्यकाल में नारी का यौन शोषण अत्यधिक मात्रा में होने लगा। वे भोग्या बन गई एवं व्यक्ति से वस्तु बना दी गई फलस्वरूप उनकी खरीदी-बिक्री होने लगी। डॉ. अमरनाथ ने लिखा है कि मुसलमानों के सत्ता संभालते ही हिन्दुस्तान से नारियाँ एकड़-पकड़कर बाहर ले जाई जाने लगी और मध्य एशिया के बाजारों में उनका क्रय-विक्रय होने लगा। हिन्दुस्तान के राजाओं ने यवन दासियाँ विशेष रूप से पसंद की। हिन्दुस्तानी बादशाह और सामंत देश-विदेश की खूबसूरत लड़कियों से अपने हरमों को सजाने लगे।१ इस युग से नारी पुरूष की व्यक्तिगत संपत्ति बना दी गई। भौतिकता के युग में पूँजीवादी व्यवस्था में स्त्री उपभोक्ता की वस्तु बन गयी। बाजारवाद के युग में वह यौन दृष्टि से देखी गयी। अरविंद जैन ने लिखा है कि - पितृसत्ता अभी भी घर में अपनी बहू-बेटियों को घूँघट या बुर्के में कैद रखना चाहती है। मगर घर के बाहर उसे बिकनीवाली सुंदरियाँ चाहिए जो उसके सेवा, उद्योग, मनोरंजन, व्यवसाय चला सके और रोज नए ब्रांड बेच सके।२ पुरूष मानसिकता में नारी का शरीर शोषण का प्राइम सोर्स रहा है। आज के बाजारवाद एवं कार्पोरेट जगत में उसे विज्ञापन के लिए मॉडिल बनाकर देह प्रदर्शन के लिए विवश किया जाता है और धन के लोभ में कभी वह स्वयं इसे स्वीकारती है। अरविंद जैन ने लिखा है कि - पूंजी के स्वर्ग बाजार में 'औरत का गोष्त' सबसे सस्ता है। 'सेक्स सैरगाहों' में 'सेक्स गांव' या नग्न प्रदर्शन से लेकर हर प्रकार की यौन गुलामी के लिए विवश औरतों का वधस्थल बनते जा रहे है। वे स्वतंत्र बाजार, यौन रोग ही नहीं यौन हिंसा के आकडे भी लगातार बढ़ रहे है। पूंजी के इस शर्मनाक खेल में औरत को भोग-उपभोग की 'सुंदर' वस्तु बनाया जा रहा है।३ इन सभी स्थितियों का साहित्यकारों ने चित्रण किया है।

नारी के हो रहे लैंगिक शोषण के संदर्भ में श्री. जगदीष्वर चतुर्वेदी सुधासिंह लिखते हैं कि, तब क्या औरत के संदर्भ में सारे निर्णय केवल उसकी देह से संबंधित हैं, देह पवित्र है या देह उच्छिष्ट...देह से बाहर औरत की कोई हस्ती नहीं।४ आज के युग में स्त्री को केवल हवसभरी दृष्टि से देखनेवाले लोगों की संख्या बढ़ रही हैं। इस संदर्भ में प्रभा ने पछिन्नमस्ताष्' की प्रिया की त्रासदी व्यक्त की है कि, प्रिया निरंतर शोषित होती रही है। समाज की जर-जर मान्यताओं से भी पुरूष की आदिम भूख से भी, टूट जाने की हद तक, लेकिन टूटती नहीं।५

नारी केवल देह नहीं उसका भी अपना एक अस्तित्त्व हैं। वह भी पुरूष की तरह प्रभा खेतान अपने काव्य संग्रह में स्त्री पर होनेवाले लैंगिक शोषण का अंकन किया हैं। समसामयिक युग में महिला साहित्यकारों ने यौन शोषण का बेबाक चित्रण किया हैं। आज की स्थिति में यथार्थवादिता के लिए इस तरह का चित्रण कविताओं में हुआ हैं।

नारी जिससे प्रेम करती है, उसको देह तक समर्पित करने का तत्पर रहती है। इसके बदले उसका प्रेमी यौन शोषण करके उसे दुत्कार देता हैं। उसे अंधेरी गलियों में छोंड़ देता है। 'अपरिचित उजाले' इस काव्य संग्रह की कविता 'मिलने को बढ़े हुए हाथ' में प्रभा लिखती हैं कि,

मित्र कहने को
खुले ओंठ
आँखों में तैरते हुए स्वप्नों को
नोंच कर फेंक देना
हर मोड पर वापस। ६

सम्प्रति, प्रेम की परिभाषा ही बदल गई हैं। स्त्री-पुरूश के प्रेम का सच्चा रूप समाज व्यवस्था में दिखाई नहीं देता। आज का पुरूष इस्तेमाल करनेवाली वस्तुओं की तरह नारी को बहला-फुसलाकर उसे प्रेम के वादों में जकड लेता हैं। उसका लैंगिक शोषण करके जलती हुई सिगरेट की तरह जूते की नोक के नीचे मसल देता हैं। फिर भी अपने प्रेमी से प्रेमिका तहेदिल से प्रेम करती हैं। इसलिए उसके यौन शोषण में वह कुछ शेष नही रहना चाहती और समर्पित हो जाती हैं। प्रभा खेतान अपनी कविता 'तुम्हारे ओंठो पर' में लिखती हैं कि,

तुम्हारे ओंटोपर जल रही है - सिगरेट
मेरा मन
अधजली तीलियों से
फिर से जला दो
जूते की नोंक के नीचे मसल दो
मैं सिर्फ 'होना' चाहती हुं,
*शेष न रहने के लिए*७

प्रेमी अपनी प्रेमिका से किसी पार्क, सिनेमा, रेस्तरों में मिलकर प्यार के वादे-कसमें खाता हैं। प्रेमिका से यौन संबंध साधता हैं। उसका मन प्रेमिका के प्रति कुछ अंतराल के बाद ऊबने लगता है। अब प्रेमी अपनी प्रेमिका और दूसरी लडकी में फर्क ढूँढने लगा हैं। उसकी हवस का शिकार हुई प्रेमिका फिर से दुत्कार दी जाती है। नारी छटपटाती हुई किसी अन्य की बाँहों में सुरक्षा खोजने लगती हैं। किन्तु फिर से उसे दुत्कार दिया जाता है। प्रभा अपनी कविता 'प्यार की तलाश में' लिखती हैं कि,

तुम एक लड़की से दूसरी लड़की का
फर्क ढूँढते हुए
मैं हर घेरनेवाली बाँह में
सुरक्षा खोजती हुई
अपने जिस्मों की खुली टकराहट में

हम केवल दुहराया झूठ बोलते हैं। ८

व्यक्ति के जीवन में प्रेम एक भावनात्मक स्थिति है। प्रेम आँखों के माध्यम से व्यक्त होता है। प्रेम की पावनता सर्वमान्य है। इसे 'ढाई आखर' कहा गया है। प्रेमिका की भावना इस प्रकार व्यक्त होती है -

तुम्हारी प्रेम भरी आँखे
मुझे खोजती हुई
मेरी आँखों में विश्राम लेती है
और हम दोनों के बीच
ठहरा हुआ वक्त
बस एक तिनके की दूरी सा
थरथरा उठता है। ९

नारी प्रेमिका के रूप में प्रेमी की हर इच्छा-आकांक्षा को पूरा करने के लिए अपने आपको न्यौछावर कर देती हैं। समाज में उसका प्रेम कुछ पल के लिए ही रहता हैं। अपने प्रेमी की प्रतीक्षा में प्रेमिका विरह में तडपती रहती हैं। वह अपने प्रेमी की प्रतीक्षा में लगी रहती हैं कि, आज नहीं तो कल उसकी तलाश में उसका प्रेमी आयेगा। प्रभा खेतान अपनी कविता 'आखिर कब तक लटकी रहूँ' में लिखती हैं कि,

आखिर कब तक लटकी रहूँ
सारी-सारी शाम
सूखते कपडों-सी-बरामदे में
प्रतीक्षा करू तुम्हारे आने की
एक क्षण से
दूसरे क्षण तक। १०

प्रेमिका अपने प्रेमी के साथ यौन संबंध रखते हुए तन-मन-से समर्पित हो जाती हैं। परंतु प्रेमी के मन में प्रेमिका के प्रति सच्चा प्रेम नहीं रहता। वह उसके लिए उपयोग-उपभोग की वस्तु हो जाती है जैसे घर में पर्दे, सोफा, चादर, बिस्तर होता है। प्रेमिका अत्यंत व्यथित होकर कहती है -

मैं तुम्हारे गमले का फूल बनूँ
उगूँ तुम्हारी बरौनियों के सूरज को देख
तुम चाहते हो
मैं बनू तुम्हारे ड्राइंग-रूम का कालीन
पर्दे, सोफा
या बैड-कवर
फैली रहूँ बिस्तर पर। ११

आज के बाजारवाद में वस्तुओं के प्रमोशन के लिए उसकी देह के गठन, उभार का उपयोग किया जा रहा है उसे एक जड़ वस्तु में तब्दील कर दिया गया है जैसा कि कवयित्री ने 'नियति' कविता में लिखा है -

उसकी जिन्दगी
नियोन लाइट में
जगमगाता हुआ विज्ञापन
कुछ बनने के दौर में
वह जो बनकर
सामने आई
महज एक चीज। १२

प्रेमिका अपने प्रिय के प्रति मानसिक एवं देहिक स्तर पर सम्पृक्त हो चुकी है इसलिए प्रिय के पास खींची चली आती है -

मैं फिर तुम्हारे पास
लौट आई हूँ
नर्म बिस्तर की
पूरी गर्माहट लिए
मैं एक नयी उम्मीद बन
फिर लौट आई हूँ
पास। १३

जो स्त्री-पुरूष का नाता है वह जन्मों-जन्मों से चला आ रहा हैं। नारी इस नाते को जानते हुए अपने आपको प्रेमिका के रूप में पेश किया हैं। नारी प्रेमिका बनती है परंतु प्रेम के बदले केवल यौन शोषण ही मिला हैं। इस शोषण में वह केवल वस्तू के रूप में देखी जाती हैं। आज नारी भोग्या बन चुकी है। भोगवादी युग की सचाई भी यही है। नारी पुरूश की दासी, उसकी जूती बन गई है -

पहनाया तुम्हारे पाँवों में
जूती बन,
बिछी बिस्तरे पर

चादर बन,
कभी टँगी खूँटी पर
तुम्हारा मुखौटा बन
मैं बनी वस्तु
तुम रहे भोक्ता। १४

कवयित्री ने 'मछली पकडने मछुए जाल फेंक रहे है कविता में' नारी को देखने की हवस दृष्टि का चित्रण किया है। जब मछुए मछलियाँ पकड़ने के लिए जा रहे है तब उन्हें यही किनारे पर औंधी पड़ी एक लड़की दिखाई देती है। यह स्थिति विदेशों में आम बात है। परंतु जब वह देखती है कि उसे देखनेवालों की आँखों में हवस, वासना है तब उसे नफरत होती है उन घूरनेवाली शिकारी आँखों से। अतएव वह अचानक पानी में कूद पड़ती है।

मछूआरे अब जाल डाल चुके हैं।
तैरती हुई मछलियों का जिस्म
भीगा हुआ है नमकीन पानी से।
यकायक वह लड़की
निकल आती...लहरों को चीरकर। १५

नारी दुनिया में रहनेवाले लोगों की नियत को जानती हैं। पुरूष-स्त्री में जो भेद पाया जाता हैं। उसमें से नारी ही केवल भोग्य वस्तू बन जाती है और पुरूष उसका भोग्ता बन जाता हैं। अन्य लोगों की तरह नारी भी आझाद हुई हैं। इसलिए अपनी आझाद जिंदगी में वह जीवन जीना चाहती हैं। पर पुरूश की सत्ता में नारी का केवल लैंगिक शोषण होता रहा हैं।

प्रभा खेतान ने 'कृष्णधर्मा मैं' कविता में नारी के कौमार्य, उसकी आत्मा के संदर्भ में यह प्रतिपादित किया है कि विवाह कन्या के कौमार्य को भंग करता है इसके बाद इस मायावी संसार में उसे वस्तु बनकर किमत चुकानी पड़ी है।

टूट गया कुआराँपन
वर्षों पहले शादी की पहली रात
पर आज भी कुँआरी है आत्मा
प्रतीक्षारत
हर अनुभव के लिए
परखती रही अनुभव
चुकाती रही कीमत
और होकर रह गई वस्तु।
पाने के बाद
आकर्षण समाप्त
एक ही शरीर
कभी रूक्मिणी
कभी राधा। १६

कवयित्री ने पौराणिक मिथक के माध्यम से नारी के देहिक प्रदर्शन एवं शोषण को अभिव्यक्त किया है। सर्वविदित है कि महाभारत में द्रौपदी को जुए में दाँव पर लगाना उसे पण्य वस्तु बना देना था और उसके पश्चात उसका चीरहरण होने लगा परंतु कृष्ण ने बचा लिया परंतु आज की स्थिति यही है कि नारी का देहिक शोषण तो है परंतु कृष्ण नहीं है। औरत होने का अर्थ - असुरक्षित होना है। यह चौतरफा असुरक्षा है जिसके साथ औरत पैदा होती है और मर जाती है - आर्थिक, भावात्मक, शारीरिक। जब सुरक्षा के लिए लगाई बाड़ भी पौधे को खा जाती है तब हाट, बाट, घाट का जिक्र क्या।१७ द्रौपदी को भरी सभा में अपमानित, निवसा करना उसको अपमानित करना ही है। व्यथा यही है कि वह अपने ही स्वजनों द्वारा तिरस्कृत हुई है।

नहीं किया मैंने ऐसा कुछ भी
झेलती रही क्रमशः निरावरण होने की यातना
चबाती रही दुःख और अपमान का दर्द
बनती रही वासनाओं के खूनी स्वाद की खुराक। १८

नारी का यौन शोषण सनातन समस्या है। इन्द्र ने गौतम ऋषि की पत्नी के साथ यौन संबंध स्थापित किया वह भी धोखा देकर। प्रभा जी ने 'अहल्या' में लिखा है कि - 'क्या तुम अहल्या हो ? वही अहल्या, जो इन्द्र के मायाजाल में उलझ गई थी और उन्होंने शाप देकर तुम्हें पत्थर बना दिया।' -

पत्थरों का नग्न शरीर बना
गौतम ने किया
आदमियत का आखिरी अपमान। १९

इन्द्र ने अहल्या पर मोहित होकर जब गौतम भोर में नदी पर नहाने गये थे, देहिक शोषण किया था। इन्द्र के द्वारा नारी का अपमान है इस संदर्भ में कवयित्री ने लिखा है -

कौन था वह पुरूष, अहल्या,
जो लाँघकर सतीत्व की सीमा
कर गया नारीत्व का अपमान ?
क्या था तुम्हारी आँखों में

इसके लिए,
जो डोल गया इन्द्रासन ?
बदल गया शरीर
नहीं पहचान सकी तुम
क्या दोष था तुम्हारा केवल। २०

अहल्या ने पुरूष के मायावी रूप को पहचाना नहीं। इन्द्र उसके साथ यौन संबंध बनाकर उसे अकेला ही छोड़कर चला गया हैं। प्रभा अपनी कविता 'अहल्या' में लिखती हैं कि,

निष्पाप होती हुई तुम
कर दी गई प्रवंचित
भोक्ता के पलायन के बाद
समझ पायी तुम
पुरूष का मायावी रूप। २१

इन्द्र ने अपनी उद्दाम वासना को तृप्त करने के लिए 'अहल्या' को भोगा फलस्वरूप उसके पति गौतम ने उसे शाप देकर पत्थर बना दिया यह पुरूषों की प्रवृत्ति आज भी जारी है, विवाहिता अपने पर हुए अत्याचार के कारण आत्महत्या कर लेती है या जड़ बन जाती है। प्रभा खेतान इसी यथार्थ को व्यक्त करती है -

जानती हूँ पुरूषों की हिंस्र कामुकता
एक हा अहल्या से
तुष्ट नहीं होती है
आत्मा के सत्व को
जलाती इस आग से
मैं भी सहमती हूँ, अहल्या ! २२

प्रभा खेतान अपने काव्य संग्रहों की कविताओं में नारी के लैंगिक शोषण में स्त्री का प्रेमिका रूंप, पुरूष का वासनाभरा रूंप, पुरूष का मायावी रूंप, प्रेमी से दुत्कार जाना आदि कई समस्याओं का चित्रण किया हैं। प्रभा नारी के प्रति आत्मीय सहानुभूति रखते हुए अपनी कविताओं में उनका हो रहा यौन शोषण, यौन पीड़ा, प्रेमी से दुत्कारी गई नारी, उनके अपमान और अत्याचार का वर्णन करती है। नारी का लैंगिक शोषण में प्रभा खेतान की कविताओं में लैंगिक शोषण में स्त्री का प्रेमिका रूप, नारी हवस का शिकार, अकेले जीवन व्यतीत करनेवाली स्त्री का यौन शोषण, पुरूष का वासना से भरा रूंप, पुरूष का मायावी रूप, प्रेमी से दुत्कारी जाना आदि समस्याओं का अंकन किया हैं। प्रभा नारी के प्रति आत्मीय सहानुभूति रखते हुए अपनी कविताओं में उनका हो रहा यौन शोषण, यौन पीड़ा से त्रस्त नारी और प्रेमी से दुत्कारी गयी नारी के रूप का चित्रण पूरी प्रामाणिकता के साथ किया हैं।

प्रभा खेतान ने अपनी कविताओं में नारी की स्थिति में सदियों से चले आ रहे घर के बंधन पति द्वारा मिली पीड़ा में नारी के सपनों की टूटन, परिवार को संभालने में, उसकी त्रासदी में, वेदना, विवशता, पीड़ा, भय, परित्यक्ता को सहना, चुनौतियों का सामना करने में, आदमीयत की सत्ता आदि समस्याओं का अंकन किया हैं। प्रभा खेतान ने नारी की परिवार में जो स्थिति रही हैं उसके प्रति उनकी कविताओं में सहानुभूति को उभारा हैं। इस सहानुभूति को उन्होंने बड़ी मार्मिक ढंग से कविताओं में चित्रित किया हैं।

संदर्भ सूची

१) नारी मुक्ति संघर्ष - डॉ. अमरनाथ, पृ. ७५
२) औरत होने की सजा - अरविंद जैन, पृ. ३०
३) हंस - अरविंद जैन, मई १९९८, पृ. ९६
४) स्त्री अस्मिता साहित्य और विचारधारा - जगदीश्वर चतुर्वेदी, पृ. ३४७
५) छिन्नमस्ता - प्रभा खेतान, पृ. १४५
६) अपरिचित उजाले - प्रभा खेतान, पृ. ११
७) वही, पृ. १४
८) वही, पृ. १७
९) एक और आकाश की खोज में - प्रभा खेतान, पृ. ४
१०) अपरिचित उजाले - प्रभा खेतान, पृ. २१
११) वही, पृ. २५
१२) सीढ़ियाँ चढ़ती हुई मैं - प्रभा खेतान, पृ. २६
१३) वही, पृ. ३५
१४) एक और आकाश की खोज में - प्रभा खेतान, पृ. ५
१५) वही, पृ. ३
१६) कृष्णधर्मा मैं - प्रभा खेतान, पृ. २६
१७) अस्मिता विमर्श का स्त्री स्वर - अर्चना वर्मा, पृ. १८७
१८) वही, पृ. २७
१९) अहल्या - प्रभा खेतान, पृ. २५
२०) वही, पृ. ३९
२१) वही, पृ. ३९
२२) वही, पृ. ७६

IOSR Journal Of Pharmacy www.iosrphr.org
(e)-ISSN: 2250-3013, (p)-ISSN: 2319-4219
Volume 8, Issue 7 Version. II (July 2018), PP. 21-27

Effect of heavy metal Copper sulphate on Glycogen activity of Bivalve L. marginalis.....

Sandhya M. Sonawane, Mayur Sonawane
Department of Zoology, Nutan Maratha College, Jalgaon, Dist. Jalgaon. (M.S.) Mobile No. 9422977824
Department of Zoology, M.J. College, Jalgaon, Dist. Jalgaon. (M.S.) Mobile No.9405918053
Corresponding Author:Sandhya M. Sonawane

ABSTRACT: Heavy metal and pesticide pollutants cause stress to the aquatic organism and change its metabolic activity. The heavy metal pollutants give rise to alterations in the metabolic and physiological activity both after short and long term exposures. To investigate the physiological changes after pesticide and heavy metal treatment the most fundamental one would be the study of change in the biochemical constituents. Carbohydrates, proteins and lipids are the important metabolites which provide energy to different vital processes.

They glycogen content in freshwater bivalve, L. marginalis was altered indicating the effects of heavy metals. The average glycogen content in acute and chronic treatment by heavy metal copper sulphate was decreased in the whole body. The depletion of glycogen content was greater in the digestive gland as compared to the foot and mantle of the bivalve, when exposed to pollutants. This indicates that the digestive gland is the principal metabolic center for various metabolic functions. During acute and chronic exposures a significant decrease in the glycogen content of the digestive gland suggests greater glycolytic activity in the gland than the mantle and foot. The greater breakdown of glycogen may suggest the need of high energy to animal in stress conditions caused due to pollutants.

Keywords: Heavy metals $CuSO_4$, L. marginalis, Glycogen, digestive gland, acute, chronic.

Date of Submission: 29-06-2018 Date of acceptance: 16-07-2018

I. INTRODUCTION

Most information about the effect of environmental pollutants on aquatic animals has been obtained from mortality studies. Often very little is known about damage to different internal organs or about disturbed physiological and biochemical processes within an organism following exposure to environmental poisons. Consequently knowledge about the mode of action of toxicants and causes of death in poisoned aquatic animals is often lacking. A better understanding of these mechanisms is necessary if we want to predict the potential harmfulness of various chemicals to the environment.

Since different environment pollutants are likely to affect biological systems in different ways according to their respective chemical properties, the sum of physiological changes created by a particular pollutant is likely to be characteristic of that pollutant. Thus by observing the effects of pollutants on a set of physiological parameters, it might be possible to establish specific responses of that pollutant, and may take it possible to identify a pollutant on the basis of its physiological effect pattern.

The higher concentrations of toxicants bring the adverse effects on aquatic organisms, at cellular level or molecular level and ultimately lead to disorder in biochemical composition which is useful in determining different toxicants and protective mechanism of the body to resist the toxic effects of the substances.

समाज की गतिशीलता में स्त्री-पुरूष की संयुक्त और महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कहा जाता है यह दोनों परिवाररूपी रथ के पहिए है। इनमें से किसी एक की गति शिथिल होने का तात्पर्य यह है दोनों में विरोधाभास की स्थिति आ गई है। इसलिए स्त्री और पुरुष दोनों एक-दूसरे को पूरक है। आचार्य रामचंद्र वर्मा ने नारी के स्वरूप को स्पष्ट करते हुए मानक हिंदी कोश में अपना विचार इस प्रकार व्यक्त किया है, ``विशेषत: वह स्त्री जिसमें लज्जा, सेवा, त्याग आदि गुणों की प्रधानता हो वह नारी है।``[१] अनामिका के उपन्यास `दिल्लू शेक्सपियर : द पोस्ट बस्तर` में मान्यता मॅडम के माध्यम से पारिवारिक स्थिति का चित्रण किया है। मान्यता मॅडम के बारे में उदाहरण द्रष्टव्य हैं,``घरेलू मुकदमें, मेरी बदनामियाँ, राजनैतिक गिरफ्तारियाँ, अनिश्चितताएँ, गलतफहमियाँ और लम्बी बिमारियाँ. ....! घरेलू रगड़े-झगडों और संकटों-तनावों की ये ही पेटेंट सूची हैं जिस पर टिक-टिक करता जीवन चुक जाता हैं।``[२] मान्यता मॅडम इन सारी समस्याओं के बावजूद भी अपने जीवन में संघर्षशील है। इस प्रकार अनामिक ने मान्यता मॅडम के जीवन में आई समस्याओं का चित्रण प्रस्तुत किया है।

समाज में प्रचलित प्रथाओं के अनुसार, नारी घर में, परिवार में और समाज में उपेक्षित थी। घर में सास-ससुर तथा पति की इच्छा के अनुसार ही रहती है। वह आर्थिक दृष्टि से परतंत्र और समाज में प्रताडित है। नारी को प्रेम करने का अधिकार नहीं था। नारी केवल उपभोग का साधन मानी जाती थी । पुरूषों की वासना का शिकार हो चुकी थी। इस सम्बन्ध में अरविंद जैन लिखते है ``सामंती व्यवस्था में नारी एक वस्तु है, संपत्ति है, संभोग और संतान की इच्छा पूरी करने वाली मादा है।``[३] परिवार में पितृसत्ता वर्चस्व के कारण नारी को घर में दुय्यम स्थान दिया जाता हैं। ऑफिस से आने पर स्त्री को पति के आज्ञा का पालन करना पड़ता हैं। अगर इसमें गलती होती है तो,

गालियां को बौछार सहनी पड़ती हैं। इस बारे में शीरीन कहती हैं, ``जैसे की हर घर में दूध और सब्जी का उठाना होता हैं न कि रोज इतना आना ही हैं, हमारे घर अब्बू की ढाई थोड़ी गोलाबारी, ढेर-सा कुआत रोज का उठाना था ! बाकी अलग से भी गाली-गलोज, डॉट-मार-मलामत और कोर्ट मार्शल के हजार प्रसंग !``[४] पुरूष अपने अधिकार का इस्तेमाल करता हैं। उसके मन के विरूध्द होनेवाली बातों पर अपनी भड़ास निकालता हैं। इतना ही नही बल्कि पशुता का व्यवहार करता हैं। शीरीन इस बारे में तारा से कहती है कि, ``अम्मी दरअसल अब्बू का बॉक्सिंग बेग हैं``[५] स्त्री को समाज में उपेक्षित पात्र के रूप में देखा गया है। यह किस्सा सिर्फ शीरीन के घर का ही नहीं बल्कि कई घरों का हैं। घर में स्त्री को मार-पीट, गाली-गलोज का शिकार होना पड़ता हैं। यह स्थिति सिर्फ घर में रहनेवाली स्त्रियों की ही नहीं बल्कि नौकरी करनेवाली स्त्री को भी शक की नजर से देखा जाता हैं। ऐसे घरो में किसी छुट्टी के दिन किसी व्यक्ति का फोन आता हैं तो वह उसे शक की नजर से देखता जाता हैं। इस बारें में शेफालिका कहती हैं कि, `हमारा संडे फंडे न होकर गनडें हो जाता। प्याले में तुफान उठते ही रहते।``[६] स्त्री को जीवन में संघर्ष करना पड़ता हैं। परिवार के किसी भी सदस्य की गलती होने से सारी मुसीबत माँ पर ही आती हैं। घर में पुरूष अपने अधिकारों का इस्तेमाल करके, घर से बाहर निकल जाने को कहता है। घर में स्त्री की औकात बता दी जाती हैं। शीरीन के पिताजी उसकी माँ को इसी तरह कहते हैं कि, ``ये देखो- सफाई की है, जूठन की ट्रे से सड़ा पड़ा हैं चीनी का डब्बा !.... और इस कपड़े के वार्डरोब पर खरोंच कैसे पड़ी... देखो, अभी उठके देखो- और सुनों, ऐसे किराएदारों की तरह बेदिली से घर में रहना हैं तो अपना रहने का इतंजाम कहीं ओर करो !चली जाओं ``[७] लेकिन स्त्री के पास कोई दूसरा पर्याय नहीं होता। अगर वह प्रयास भी करेगी तो अपने भाई को कहती है और भाई बुध्द की तरह अपने वाक्य कह देते हैं। इसका उदाहरण परिलक्षित होता हैं। जैसे, वह कहता है, कि ``हिम्मत नहीं हारो.... जैसे गजराज रणक्षेत्र में हर ओर से तीर आता हूआ देखकर भी लक्ष्य विमुख नहीं होता, तुम भी डटो, अपनी राह नहीं छोडों, तुमसे बड़ा सवाल स्पंदन का हैं तुम्हे दूसरा पति-प्रेमी मिल जाएगा, उसे दूसरा पिता कहाँ मिलेगा ?``[८] क्या स्त्री का अस्तित्व सिर्फ दूसरों के लिए हैं ? उसका खुद का जीवन नहीं होता? क्या उसकी अस्मिता, सम्मान स्त्री के लिए नहीं है ? इसका उत्तर अनामिका ने अवंतिका देवी के माध्यम से देने का सफल प्रयास किया हैं। अवंतिका देवी पति व्दारा घर से निकाली जाती है। वह सीपीएम की सांसद होती है। वह अपने अनुभव तारा को कहती है, कि ``ओर बेटा, एक तरह कॉल गर्ल औरत होती हैं-ब्याहता गृहस्थिन भी। कॉलगर्ल को यह छूट होती हैं कि हर कॉल पर वह प्रस्तुत न हो, पर गृहस्थिन की क्या मजाल। आगे याद हैं मुझे, कभी-कभी उनका प्रंचड क्रोध शांत करने के लिए या झगडे के संक्षिप्त समाधान के लिए खुद भी देह बिछा दी मैंने, एक ब्याहता के रूप में ही देह का उपयोग एक `ट्रेप` की तरह किया। जब कोई उपाय नहीं सूझा तो घर की `शांति` के लिए ओर अपने भी अज्ञात भयों से निजात पाने को एक `फंदे` की तरह देह बिछाई मैंने। जो बात सुनने को तैयार हो ही नहीं, उस पति के आगे एक `शॉर्टकट`की तरह अपनी देह बिछा देने को मजबूर पत्नियों की व्यथा-कथा किसी कॉलगर्ल से कम नहीं होती उस क्षण।``[९] घर में स्त्री शांति के लिए देह का इस्तेमाल करती है। इस प्रकार स्त्री जीवन में संघर्ष के साथ अपना मार्ग खोजने का प्रयास करती है।

अनामिका एक नारी के मन की करूण गाथा प्रस्तुत करती हैं। समाज में चलने वाली कुप्रवृत्तियों में घरेलु हिंसा भी महत्वपूर्ण हैं। घर के चार दीवारों के बीच चलनेवाली इन घटनाओं पर किसी का ध्यान नहीं जाता। स्त्री को पति रात को मार-पीटकर अपना वर्चस्व दिखाता है। इस तरह स्त्री शोषण का शिकार होती है। स्त्री अपने विचारों, भावानाओं का दमन करती है। दूसरे दिन अपने-अपने काम करती है। इस बारे में अनामिका लिखती है, ``पिट-पिटकर औरत क्या करेगी ? कुछ देर चिखेगी, फिर रोएगी-रुठेगी और उसके बाद धीरे-धीरे बिना मनाए मानकर काम-धाम में व्यवस्थित हो लेगी, पहले घर में मुस्कुराएगी और उसके बाद बाहर जाकर भी लगेगी हंसने, सभा में, मंच पर, हर जगह नजर आएगी औरत की हंसी, और कुछ नजर नहीं आएगी। क्या हंसी ही नये जमाने का घुघट हैं।``[१०] वह भी क्या कर सकती हैं। किसी के आगे वह नहीं बता सकती अगर ऐसा बता दिया तो लोग एक बुलाने पर दस आ जाते हैं। वह स्त्री की पीड़ा कम करने नहीं बल्कि अपनी भूख मिटाने का एक साधन मात्र के रूप में देखते हैं। किसी बेसहारा स्त्री को सिर्फ एक अच्छा मित्र चाहिए, पुरूष नहीं। इस संदर्भ में अनामिका लिखती है कि, ``सर्वतोमुखी प्रेम का दावा ठोंकने वाले देह-लोलुप प्रेमी तो `तीन बुलावै, तेरहा आवै` की तरह थोक में राह-मिल जाते हैं मगर देह-निरपेक्ष कोई सच्चा दोस्त नहीं मिलता किसी अकेली स्त्री को।``[११] समाज में बेसहारा स्त्रियों के प्रति पुरुष कठोरता का व्यवहार करते है। उसे उपभोग का साधन मानते है।

स्त्री अपने दुख दूसरों के पास व्यक्त नहीं करती। मान्यता मैडम अपने पारिवारिक जीवन का रथ ढो रही थी लेकिन मान्यता मैडम और प्रो.आशिष बचपन से साथ में पढा-लिखा करते थे। ये दोनो शादी भी करने वाले थे, लेकिन प्रो. आशिष विदेश जाने के बाद उनका विवाह नहीं हो सका। लेकिन वह विदेश से लौटकर कहता है

कि, ''मैंने स्वयं को पूरा अर्पित कर रखा है, आपसे तो कुछ भी अपेक्षा नहीं की, पढ़िए-लिखिए, अपने दायित्व पूरा करीए, बस इतनी छूट दीजिए की हर दिन एक बार दस मिनट का खातिर फोन कर लिया करूं !''[12] समाज में ऐसे रिश्तों को क्या नाम देना चाहिए ? क्या एक स्त्री और पुरुष के बीच मित्रता नहीं हो सकती ? क्या वह सच्चा मित्र नहीं हो सकता ? ऐसे कई प्रश्न स्त्री के मन में उठते है। मान्यता मेडम कहती है, ''मेरे स्वभाव में यही खराबी है कि स्नेह को लोग प्रेम समझ ा लेते हैं। और तरह-तरह की उम्मीदें लगते है करने जिनसे मेरा मन घबड़ा जाता है।.... अब इसे कैसे निबटूं !''[13] अनामिका ने मान्यता मेडम के माध्यम से स्त्री की मनोदशा का चित्रण किया है।

प्रेम संसार को सरस बनाकर गतिशील रखने का मुख्य आधार है। प्रेम पर लोभ, द्वेष और वासना का उभरता रंग उसे विकृत करता जा रहा है। पूर्व समय में 'प्रेमिका' शब्द पूर्ण सम्मान से लिया जाता था। क्योंकि दोनों पक्षों के प्रेम में सामायिक रंग, मान्यताओं को सम्मान, पारिवारिक सहजता और जीवन जीने का सहज मार्ग दिखाई देता था। लाल और रूनू दोनों प्रेम करते हैं। प्रेम के आवेग में उनके शारीरिक संबंध हो जाते हैं। जब शादी की बात आती है, तो लाल उसे अपने कर्तव्य की याद दिलाता हैं। लाल अन्य पुरुषों की तरह सपना समझकर भूला देना चाहता हैं। वह कहता है कि, ''तुम्हारी कोख में मेरा बीज तो है ही ! इसे ही उदात्त भाव से पालना या चाहो तो मुक्ति पाकर किसी अच्छे लड़के से ब्याह के लिए भी स्वंतत्र हो ! मेरी तरफ कोई बाधा नहीं देखते-देखते अपने नये घर-संसार में मुझे भूल जाओगी। समझना कि एक सपना देखा था......''[14] क्या समाज में रहकर बिना विवाह के बच्चे को जन्म देना संभव है ? आज समाज में 'प्रेम' शब्द विकृत हो गया है लेकिन अफजल जैसे भी पुरुष होते हैं जो रूनू को प्रेम करते है। लाला और रूनू दोनों के बीच आना नहीं चाहता था। लेकिन रूनू को कभी अकेला भी नहीं छोड़ा। लाल चले जाने के बाद अफजल ने दूसरी शादी भी नहीं की। अफजल ने कभी रूनू से कुछ नहीं चाहता लेकिन पिता की तरह रूनू की बेटी की जिम्मेदारी स्वयं संभालता है। अफजल कहता है कि, ''रूनू छोटे बच्चों के स्कूल में पढ़ाती हैं। मेरी प्राविडेण्ड फण्ड के पैसे है हीं। मिला जुलाकर किसी तरह काम चल जाएगा।''[15] अफजल रूनू से प्रेम करता था यह बात उसे कभी नहीं पता चलने दी। रूनू के देहांत के दिन ही अफजल ने आत्महत्या कर ली। समाज में ऐसे भी प्रेमी होते है, जो स्वयं के बारे में नहीं सोचते बल्कि अपने अतीत प्रेमी के प्रति अपना दायित्व निभाते हैं लेकिन दुन्नन जैसा व्यक्ति प्रेम को बता कर मीरा को अपने अस्मिता के प्रति जागरूक करता हैं। जब मीरा को अपने ससुरालवाले लोग तंग करते है, अपनी बीमार माँ से अंतिम समय मिलने नहीं जाने नहीं दिया जाता, तो दुन्नन कहता है कि, ''अन्याय सहना भी अन्याय है मीरा । तुम सारे बन्धनों को तोड़कर आ जाओ। मैं दुनिया की सारी खुशियों से तुम्हारा दामन भर दूंगा। रूनू मौसी भी हमारे साथ रहेगी। जब दुनिया को हमारी परवाह नहीं तो हम दुनिया की परवाह क्यों करें ? हम अलग ही दुनिया क्यों नहीं बसाएं ?''[16] दुन्नन मीरा को अपने अधिकारों की याद दिलाने का प्रयास करता है। यह समाज के ऐसे रिश्तों को बोझ समझता है।

पति के पापाचार के विरूध्द खड़ी होती दीक्षा का दृढ निश्चय, उसका नन्ना के घर चली आती है। ये पारिवारिक जीवन की स्वार्थपूर्ण प्रवृत्ति से त्रस्त होकर कहती है, ''तूने ही ठीक किया, नन्ना कि पारिवारिक को जीवन की इकलौती केंद्रीय सच्चाई बनकर अपने पूरे हावी नहीं हो जाने दिया.... चार गज कपड़े से भी बदतर हो जाती है आदमी की जिन्दगी अगर कोई बड़ा सामाजिक उद्देश्य लेकर चला न जाए-बचपन में दर्जी के हाथ में रहती है, यौवन में शो-केस के हैंगरों में टंगी हुई और बुढापा आते-आते धूल-भरे बक्से में बंद-बंद लगती है, गुमसाइन महकने !''[17] अनामिका ने स्त्री जीवन की सच्चाई को प्रस्तुत करने का प्रयास किया है।

नारी विवाह के कारण पति से जुड़ी होती है, परंतु कुछ परिस्थितियों में वह पति को छोड़कर किसी अन्य पुरूषों के प्रति आकृष्ट होती है। यह आकर्षण वासना की भूख मिटाने के लिए किया जाता है। फैनी पावर्स के पति को पागलपन के दौरे पड़ते है वह उसे नौकरों के सहारे छोड़कर चली आती हैं। अपने पति से उसे शारीरिक सुख नहीं मिलता हैं तो वह दूसरों के माध्यम से पूरा करती है ''.... इस तरह मैंने पूरा भारत देखा.... कई रजवाड़े में राही-राजा से लेकर फकीर तक-मेरे जितने प्रेमी हैं-उनसे मेरा सुख और दुःख-दोनों का साथ हैं।''[18] फैनी पावर्स के माध्यम से अनामिका पाश्चात्य संस्कृति के स्त्री का चित्रण करती है। अनामिका फैनी पावर्स के माध्यम से पूरे विश्व में एक अलग विचार को प्रस्तुत करना चाहती हैं। उपन्यास में फैनी पावर्स ने इतने लोगों के साथ अपनी प्रणय क्रीडा की, लेकिन किसी का परिवार उजड़ने नहीं दिया। इस बारें में फैनी कहती है कि, ''इतना मैंने ध्यान रखा कि मेरे चलते किसी का घोसला न उजड़े ! उसको ही पास फटकने दिया जो मेरी तरह बिल्कुल निस्संग था।''[19] लेकिन यह आकर्षण जब घनिष्ट होता है तब विवाह बाह्य दाम्पत्य भाव का स्वरूप धारण कर लेता है।

वेश्या समाज की लिए एक ज्वलंत समस्या है। वेश्या के मूल में हमारे समाज की आर्थिक स्थिति है। समाज में कोई भी स्त्री वेश्या व्यवसाय को अपनाने के लिए तैयार नहीं होती। इस संदर्भ में डॉ. रामेश्वर नारायण लिखते है, ''वेश्यावृत्ति का विकास सामाजिक

नैतिकता के अधःपतन का सूचक है। पाश्चात्य देशों में वेश्यावृत्ति उपेक्षित नहीं क्योंकि वहाँ यौनेच्छा पूर्ति की स्वतंत्रता है। भारतीय संदर्भ में अभी तक यह संभव नहीं है कि यौनभावना को स्वच्छंद छोड़ दिया जाए, इसलिए इस पर सामाजिक अंकुश के साथ-साथ सरकारी अंकुश भी है, किन्तु वेश्याओं के पक्ष में अगर विचार किया जाए तो यह निष्कर्ष निकलता है, कि वेश्यावृत्ति उनके लिए एक समस्या है क्योंकि यह वृत्ति अपनाने के लिए वेश्याएँ स्वच्छंद नहीं है।``२० अतः अपनी आजीविका चलाने के लिए उनकी मजबूरी है। नारी इस जन्म में क्या किसी भी जन्म में लड़की बनने की चाहत नहीं करेगी। जो नारी वेश्या व्यवसाय में जुड़ी होती है, उसका घर, परिवार, बच्चे आदि की कामना करना मुश्किल है। नारीत्व के सभी गुण होने के बाद भी वह अपना खुद का परिवार नहीं कर सकती। समाज के भेड़ियो की कामवासना को उसी को मिटाना हैं। उसका पूरा जीवन इसी दलदल में व्यतीत हो जाता है। समाज इस वर्ग को उपेक्षित करने के बाद आम व्यक्ति जैसे इनका जीवन नहीं होता। समाज में ऐसे कोने में रखा है, कि कभी कोई भी प्रकाश उनकी ओर नहीं आएगा। साहित्यकार अपनी रचना में ऐसे ही वर्ग की बात साहित्य के माध्यम से समाज के सामने लाने का प्रयास करता है।

अनामिका द्वारा स्त्री के कोमल भावों के साथ-साथ उसके जीवन की कठिनाइयों को चित्रित करने का सफल प्रयास किया गया हैं। उनके पात्र हमें समाज में, मुहल्ले में, गाँव में कहीं भी देख सकते हैं। अनामिका के उपन्यासों में देह व्यापार करनेवाली नारी का चित्रण यथार्थ धरातल पर दृष्टिगत होता हैं। बचपन का एक उदाहरण तारा अपनी मां का चित्रण प्रस्तुत करती है, ``चलना कहाँ हैं ? चार-पाँच की ही रही होऊँगी तब, अम्मी को ऐसा ही करते देखा थी ! सौ बातों में वक्त जाया नहीं करतीं, झट कहती हैं-`चलना कहाँ हैं ? जाने को जगह नहीं होती तो अक्सर मुझको ही खटिया के नीचे सुलाकर ऊपर वह आँधी-तुफान झेलती और फिर झट पल्लू से जाँघें पोंछती हुई, कहती-`चला आ बहार आ जा, बेटी, चलते हैं चौक पर, जलेबी खिला लाऊँ।``२१ हमेशा साहित्यकार ऐसा अछूत और अंधेरा कोना समाज के सामने लाता है। बचनप में माँ को जीवन को देखकर तारा कॉलगर्ल बन जाती है। इस सम्बन्ध में अनामिका लिखती है,``अम्मा ने मिशनरी स्कूल में पढ़ाया था। देखने में ठीक थी, इसलिए अक्सर विदेशी मेहमानों को सप्लाई होती ! और उमर कम थी, इसलिए मुझमें वात्सल्य के सूत्र भी ढूंढ लेते वे कभी-कभी ! मेरी उमर की अक्सर उनकी बेटियां होती जिनकी याद भी आती । एक साहब तो,खैर, इतना दयालू था कि प्यार-प्यार करने के बाद उसने मुझे बिस्कुट खरीद दिए और कितावें भी !उसका पता मैंने बहुत दिन संभाल कर रखा। ऐसी ने कहा था कि कभी कोई काम शुरू करना चाहे तो ढेर-सा पैसा भेजेगा।``२२ वेश्या व्यापार करनेवाली स्त्रियों के पास अलग-अलग व्यक्ति ग्राहक बनकर आते है। जब कोई विवाहित अपनी पत्नी के साथ जो देती है वासना पूरी नहीं कर पाता वह भडास इन वेश्याओं के देह पर निकालता है। इस संदर्भ में तारा कहती है, कि ``अब अपने जीवन का रोना रोएगा, अब अपने फ्रस्ट्रेशन मुझ पर निकलेगा, अब अपनी फेंटेसी आजमाएगा.... कभी-कभी तो ऐसा लगता है कि मैं बस ऊर्जा बोर्ड हूँ और तरह-तरह की आत्माएँ मुझ पर उतरती हैं।..``२३ समाज भूल जाता है कि यह भी एक स्त्री है। समाज में वेश्याओं को सिर्फ उपभोग का साधन माना जाता है। पुरुष धन के बल उसके मन के विरूध्द देह के साथ खेलता है। वेश्याओं के प्रति इतना पशुता का व्यवहार किया जाता हैं। अनामिका ने नारी मन का ऐसा कोई कोना अछूता नहीं छोड़ा जो किसी वेश्या के जीवन में ना घटा हो। किसी दिन अगर वहीं ग्राहक आने पर प्रतिरोध किया तो सिर्फ गालियों के बिना कुछ नहीं मिलता। वह महाक्रूर हँसी हँसकर बोलता है कि, ``तेरी औकात ही क्या हैं ? रंडी ? रंडी ही है न तू ? चुपचाप मेरा कहना मान !``२४

समाज में वेश्या व्यवसाय के कारण अनैतिक घटनाएँ कम होती हैं। स्त्री के शोषण में बलात्कार जैसी घटनाएँ दिखाई देती है। पुरुष अपनी वासना की हवस मिटाने के लिए वेश्याओं के पास जाता है। समाज में वेश्याओं के प्रति उदासीनता दिखाई देती हैं। पुरुष वेश्याओं को तुच्छ मानते है। अनामिका इस संदर्भ में लिखती है कि,``रण्डी-रणचण्डी- बचपन में एक सहेली के घर जाती थी तो चिढ़ाते थे उसके भाई...... उस समय तो मैं कटकर रह जाती थी, बहुत जल्द ही उसके घर आना-जाना छोड़ दिया.... पर आज कहीं मिले तो नज़रे मिलाकर जबाब दूँ- तुम्हारी माँ-बहने सुरक्षित है तो हमारे ही कारण ! मरद को हवस के बहुत रंग देख लिए ! सारी लल्लो-चप्पो एक ही नरक कुण्ड में जाकर गिरती हैं.... ``२५ अनामिका के उपन्यास में वेश्याओ के जीवन का सत्य सामने लाने का प्रयास किया हैं। समाज में यह ऐसा कटा वर्ग है लेकिन इसके बिना समाज नहीं चलेगा।

निष्कर्षतः हम देख सकते है कि परिवार में पत्नी का प्रेमी अथवा पति की प्रेमिका समस्या की जड़ है। परिवार में नारी पति से भौतिक समृध्दि की अपेक्षा उससे एक आत्मीय भाव, प्रेम और विश्वास चाहती है। वह पुरूष के सहद्यता की प्यासी है। ससुरालवालों ने मीरा को घर से निकाल दिया। आस-पड़ोस मित्र-मण्डली कान्त से सीधे-मुँह बात नहीं करते। समाज में विवाहित पुरुष किसी विधवा स्त्री को घर में रखता है तो समाज उसे अनैतिक व्यवहार मानकर बाधा उत्पन्न करते है। ऐसे परिस्थिति मे वह स्त्री समाज के सामने उपभोग

IOSR Journal Of Pharmacy www.iosrphr.org
(e)-ISSN: 2250-3013, (p)-ISSN: 2319-4219
Volume 8, Issue 7 Version. II (July 2018), PP. 21-27

Effect of heavy metal Copper sulphate on Glycogen activity of Bivalve L. marginalis…..

Sandhya M. Sonawane, Mayur Sonawane
Department of Zoology, Nutan Maratha College, Jalgaon. Dist. Jalgaon. (M.S.) Mobile No. 9422977824
Department of Zoology, M.J. College, Jalgaon, Dist Jalgaon (M S) Mobile No.9405918053
Corresponding Author:Sandhya M. Sonawane

ABSTRACT: Heavy metal and pesticide pollutants cause stress to the aquatic organism and change its metabolic activity. The heavy metal pollutants give rise to alterations in the metabolic and physiological activity both after short and long term exposures. To investigate the physiological changes after pesticide and heavy metal treatment the most fundamental one would be the study of change in the biochemical constituents. Carbohydrates, proteins and lipids are the important metabolites which provide energy to different vital processes.

They glycogen content in freshwater bivalve, L. marginalis was altered indicating the effects of heavy metals. The average glycogen content in acute and chronic treatment by heavy metal copper sulphate was decreased in the whole body The depletion of glycogen content was greater in the digestive gland as compared to the foot and mantle of the bivalve, when exposed to pollutants. This indicates that the digestive gland is the principal metabolic center for various metabolic functions. During acute and chronic exposures a significant decrease in the glycogen content of the digestive gland suggests greater glycolytic activity in the gland than the mantle and foot. The greater breakdown of glycogen may suggest the need of high energy to animal in stress conditions caused due to pollutants.

Keywords: Heavy metals $CuSO_4$, L. marginalis, Glycogen, digestive gland, acute, chronic.

Date of Submission: 29-06-2018 Date of acceptance: 16-07-2018

I. INTRODUCTION

Most information about the effect of environmental pollutants on aquatic animals has been obtained from mortality studies. Often very little is known about damage to different internal organs or about disturbed physiological and biochemical processes within an organism following exposure to environmental poisons. Consequently knowledge about the mode of action of toxicants and causes of death in poisoned aquatic animals is often lacking. A better understanding of these mechanisms is necessary if we want to predict the potential harmfulness of various chemicals to the environment.

Since different environment pollutants are likely to affect biological systems in different ways according to their respective chemical properties, the sum of physiological changes created by a particular pollutant is likely to be characteristic of that pollutant. Thus by observing the effects of pollutants on a set of physiological parameters, it might be possible to establish specific responses of that pollutant, and may take it possible to identify a pollutant on the basis of its physiological effect pattern.

The higher concentrations of toxicants bring the adverse effects on aquatic organisms, at cellular level or molecular level and ultimately lead to disorder in biochemical composition which is useful in determining different toxicants and protective mechanism of the body to resist the toxic effects of the substances.

The toxic chemicals (pollutants) act as one kind of stress to organism and organism responds to it by developing necessary potential to counter act that stress. The biochemical changes occurring act that stress. The biochemical changes occurring in the body give first indication of stress. During stress the organism needs sufficient energy which is supplied from reserve materials (glycogen, lipid and protein). If the stress is mild then only stored glycogen is used, as a source of energy, but if the stress is strong then the energy stored in lipid and protein may be used.

The heavy metals cause metabolic derangement in the living system, when come in contact. Heavy metals due to their potential toxicity produce biochemical changes in the tissues of animals.

Even though there is much work on the toxic effects of pesticides and heavy metals on specific target animals, little attention was paid to study the physiological and biochemical changes on non target aquatic species. Since Lamellidens Marginalis are fresh water bivalves an attempt was made to study the changes in biochemical composition in different heavy metal copper sulphate. Carbohydrates (glycogen) constitute the vital

Estimation of Biochemical components from tissues :

(1) Glycogen

The colorimetric estimation of glycogen present in the tissue was done by anthrone reagent method (Dezwaan and Zandee, 1972). 50 mg. of wet tissue was taken in 1 ml of 30% KOH solution. The mixture was boiled in water bath for 5-10 minutes, till the tissue was completely dissolved. The solution was cooled and to it 0.2 ml 2% Na_2SO_4 and 6 ml of absolute alcohol were added. This solution was kept in refrigerator for overnight. It was then centrifuged for 15 minutes at 3000 rpm. The supernatant was discarded and the residue cake was dissolved in 10 ml of distilled water 0.1 ml of this solution was taken and to it 0.9 ml of distilled water were added. The solution was heated in boiling water bath for 5 minutes and then cooled. The intensity of the colour developed was measured with the colorimeter (Erma) at 620 mu (Red Filter) filter. Anthrone, reagent was prepared by dissolving 50 mg anthrone powder and 1 gm Thiourea in 100 ml of 72% H_2SO_4. The amount of glycogen was calculated by referring to a standard graph value, where glucose was used as a standard. The glycogen value was calculated by multiplying with the conversion factor 0.927 to glucose value. The amount of glycogen was expressed in terms of Mg. of glycogen/100 mg of wet tissue.

III. OBSERVATION AND RESULTS

Biochemical components such as carbohydrates (glycogen) were studied in the normal (control) and pollutant copper sulphate treated whole body, foot, digestive gland and mantle of freshwater bivalve, L. marginalis the results are summarized in Tables .

Acute treatment-The acute treatment was given upto 72 hours by heavy metal pollutants, copper sulphate. After the acute treatment by pollutant, biochemical composition of the bivalve was altered and the results are summarized in the table.

The glycogen content of the whole body, foot digestive gland and mantle decreased after acute treatment by heavy metal. After copper sulphate acute treatment at 72 hours, the glycogen in the whole body, foot, digestive gland and mantle decreased from 2.08% to 1.22%, 2.53% to 2.13%, 2.78% to 1.62% and 1.13% to 0.86% respectively. The glycogen content of the foot and mantle depleted more as compared to the digestive gland.A significant change in the glycogen content was found .The maximum depletion occurred in the digestive gland of L. Marginalis.

Chronic treatment-The biochemical components such as glycogen was observed after chronic treatment in control and treated freshwater mussels, Lamellidens marginalis. The biochemical components of the whole body foot, digestive gland and mantle were observed and recorded in the table.

The glycogen content of the whole body, foot, digestive gland and mantle decreased in chronic (5, 10, 15 and 20 days) treatment by heavy metals. After copper sulphate chronic treatment, the glycogen in the whole body foot, digestive gland and mantle decreased. A significant change in the glycogen content was found. The maximum depletion occurred in the digestive gland of Lamellidens marginalis.

Table – 1: Glycogen content in selected tissues of the control and $CuSO_4$ exposed Lamellidens marginalis as a function of exposure period

Treatment	Sr. No.	Body Organ	Total glycogen content (%) + S.D.		
			24 hours	48 hours	72 hours
Control	1	Whole body	2.2874 ± 0.0713	2.1475 ± 0.002	2.0879 ± 0.0711
	2	Foot	2.8725 ± 0.00520	2.9675 ± 0.0578	2.5324 ± 0.0307
	3	Digestive gland	3.2035 ± 0.0036	3.0234 ± 0.0128	2.7852 ± 0.0787
	4	Mantle	1.2242 ± 0.0179	1.2542 ± 0.0427	1.1342 ± 0.0126
Acute treatment by $CuSO_4$	1	Whole body	1.7529 ± 0.0438 P<0.01	1.6432 ± 0.0189 P<0.001	1.1272 ± 0.0234 P<0.001
	2	Foot	2.6435 ± 0.0374 NS	2.6720 ± 0.2203 NS	2.1382 ± 0.01156 P<0.05
	3	Digestive gland	2.2705 ± 0.1328 P<0.001	2.0035 ± 0.0857 P<0.001	1.6240 ± 0.1239 P<0.001

The mode of action of pollutants may be responsible for cellular dis-organization offering the storage and metabolism of the glycogen. Decrease in glycogen content indicates disrupted carbohydrate metabolism. The pollutants give the heavy physical irritate stress causing rapid movement and increased respiration rate thus increased utilization of reserved glycogen to meet higher energy demand of body causing decrease in glycogen content (Bhagyalaxmi. 1981). Many worker support the above results in vertebrate and invertebrate animals. A change in serum protein and glycogen content of rainbow trout exposed to endrin was studied by Grant and Mahrle (1973). Koundinya and Ramamurthi (1978) observed the effect of lethal concentration of sumethion on carbohydrate metabolism in Tilapia mossambica. Baner and Ghosh (1978) have recorded the alterations in the levels of serum glucose, liver glycogen and glucose-6-phosphate of the fish, Clarius batrachus when exposed to cadmium. Banerjee et al. (1978) reported an increase in blood glucose level in the fish Tilapia mossambica when exposed to cadmium. Kabeer (1979) stated that decrease in glycogen content in Malathion exposed tissues can also be due to decrease in glycogen synthesis. Koundinya and Ramamurthi (1979) have observed that sumethion leads to an increase in blood glucose level in decrease in glycogen content. Rao and Rao (1979) studied the effect of methyl parathion on the fish Sarotherodon mossambica and noted a significant decrease in glycogen content, Gill and Pant (1981) studied the effect of Nickel intoxication of carbohydrate metabolism i.e. blood glucose and liver glycogen which were measure to assess the magnitude of biochemical stress. Bhagyalakshmi (1981) studied the levels of certain carbohydrate metabolites in the tissue of field crab, Oxiotelphusa senex senex after exposure it to an organophosphate pesticide sumithion, and recorded an increase in haemolymph glucose level and decrease in total carbohydrate level.

Nagabhushanam and Kulkarni (1981) observed increased haemolymph glucose and a decrease in midgut gland, when the prawns, Macrobrachium Kistensis were exposed to $ZnSO_4$ and $CuSO_4$. Srivastava and Singh (1981) studied the acute effect of methyl parathion on carbohydrate metabolism of the Indian carfish, heteropheustes fossilis. Forooqui (1982) observed a insignificant increase of glycogen in the ovary of Barytelphusa cunicularis after two days exposure to sevimol and a significant decrease after seven days exposure and concluded that glycogen breadwon provides the immediate energy source in stress condition. Natarajan (1982) studied the effect of various concentration of $ZnSO_4$ on glycogen content of river, muscle, brain, kidney and gills of the fish Anabas Scands. Bhagyalkshmi et al. (1984) observed a decrease in glycogen and elevated phosphorylase activity in the crab, Oxiotelphusa senex senex exposed to sumithion, suggesting onset of glycogenolysis forming free glucose and the possible exist of these glucose molecules in the haemolymph resulting in the hyperglycemia condition. Patil (1986) studied the effects of pesticides on the glycogen content of Mythimna (P) separate and found decreased glycogen content ater treatment.

Many workers studied the effects of pollutants on mollusks in Mandal and Ghose (1970) observed glycogen depletion in the digestive gland of the snail, Achatina fulica (Bawdich) when exposed to calcium arsenate. Ramana Rao and Ramamurthi (1980) studied the effect of sublethal concentration of sumithion on some biochemical constituents of the snail, Pila globosa and found a decrease in glycogen content. Lomte and Alam (1982) observed the stable level of glycogen in the foot and mantle but very sharp fall of glycogen in the digestive gland during sublethal exposure for 24 hours to organophosphate pesticide, malathion. Swami et al. (1983) found increased haemolymph glucose and decreased stored glycogen in Lamellindens marginalis when treated with Flodit and Metacid. Kulkarni et al. (1984) studied the impact of endosulfan on the apple snail, Pila globosa and found an elevation of blood glucose level after treatment. Chaudhari (1988) studied the effect of pesticides on biochemical composition of the snail Bellamya (viiparous) bengalensis and found decreased glycogen content after treatment.

SUMMARY

1. The biochemical composition of Lamellidens marginalis after acute and chronic treatment of heavy metals copper sulphate was studied to better understand the mechanism of action of pollutant, by observing the time bound and tissue specific alterations of biochemical component glycogen.
2. After acute treatment of heavy metals glycogen content of the whole body, foot, digestive gland and mantle was altered very prominently, glycogen depletion was significant.
3. The glycogen content of the whole body, foot, digestive gland and mantle decreased after chronic treatment of heavy metal pollutants, much glycogen content decreased in digestive gland which was followed by mantle and foot.

REFERENCES

[1]. Abel, P.D. (1974) : Toxicity of synthetic detergent to fish and aquatic vertebrates. J. Fish. Biol., 6 : 279-298.
[2]. Banerjee, S.K. and Ghosh, S.D. (1978) : Toxicity of cadmium : A comparative study in the air breathing fish Clarius bactrachus (Linn.) and in the non air breathing one, Tilapia mossambica (Peters). Ind. J. Exp. Biol., 16 : 1274.

[30] Nagabhushanam, R. and Kulkarni, G.K. (1981) : Freshwater Palaemonid Prawn, Macrobrachium Kistensis (Tiwari) – Effect of heavy metal pollutants. Proc. Indian Metal Sci. Acad. 547 (3) : 380-386.

[31] Natrajan, G.M. (1983) : Metasystox toxicity effects of lethal (LC 50/48 hrs.) concentration on free amino acid and glutamate dehydrogenase in some tissues in the air breathing fish, Channa striatus (Bleeker). Comp. Physiol. Ecol., 8(4) : 254-257.

[32] Patil, P.N. (1986) : Impact of different pesticides on some physiological and neuroendocrinological aspects of Mythima (Pseudaletia) separate, Ph.D. Thesis, Marathwada University, Aurangabad, M.S., India.

[33] Peter, M. (1973) : Metabolism of Carbohydrates. In : Review of physiological chemistry, Ed. By Harper, H.A. Lange Medical Publication, 14th Edn, pp. 232-267.

[34] Ramana Rao, M.V. and Ramamurthi, R. (1978) : Studies on the metabolism of the apple snail, Pila globosa (Swainson in relation to pesticide impact). Ind. J. Her. 11 : 10.

[35] Rao, K.R., D.A. Kulkarni, K.S.Pillai and U.H.Mane (1987) : Effect of fluoride on the fresh water bivalve mollusks, Indonaia caeruleus (Prashad, 1918) in relation to the effect of pH biochemical approach. Proc. Nat. Symp. Ecotoxic, pp. 13-20.

[36] Sekeri, K.E., C.E. Sekeris, and P. Karlson, (1968) : Protein synthesis in Subcellular fractions of the blofly during different development stages. J. Insect. Physiol., 14 : 425-431.

[37] Shigmatus, H. and H. Takeshita (1959) : On the change in the weight of the fat body and its chief constituents in the silkworm, Bombyx mori L. during metamorphosis. Apl. Ent. Zool. Japan, 3(2) : 123-126.

[38] Shivaprasad Rao, K. and K.V. Ramana Rao, (1979) : Effect of sublethal oxidative enzymes and organic constituents in the tissue of the fresh water fish, Tilapia mossambica (Peters), Curr. Sci. 48 (12) : 526-528.

[39] Shivaprasad Rao, K., Satyaprasad, K. and Ramana Rao, K.V. (1980 a) Freshwater snails – Effect of insecticides Telugu Vyghanika Patrika (Telugu Academic Publication) 9 : 27-32

[40] Shivaprasad Rao, K., Satyaprasad, K. and Ramana Rao, K.V. (1980 b) : Sublethal effect of methyl parathion on tissue proteolysis in the freshwater mussels, Lamellidens marginalis (Lamark). Proc. Ind. Nat. Sci. Acad., 46B : 164-167.

[41] Suryanarayanan, H. and Alexander, K.M. (1972) : Biochemical investigation on edible mollusks of Kerala I. Study on the nutritional value of some bivalves. Fish. Technol., 9(1) : 42-47.

[42] Suryanarayanan H. and Alexander, K.M. (1971) : Fuel reserves of Molluscan muscles. Comp. Biochem. Physio., 40 : 55-60.

[43] Swami, K.S., K.S. Jagannath Rao, K. Satyavelu Reddy, K. Shrinivasmoorthy, G. Lingamurthy, C.S., Chetty and K. Indira (1983) : The possible metabolic diversions adopted by the freshwater mussel to consumer the toxic metabolic effect of seleced pesticides. Indian J. Comp. Anim. Physiol., 1(1) : 95-106.

[44] Thurberg, L.V. and Manchester, K.L. (1972) : Effect of dinervation on the glycogen content and on the activities of enzymes glucose and glycogen metabolism in rat diaphragm muscle. Biochem. J. 128 : 789.

[45] Ventakaraman, R. and Chary, S.T. (1951) : Studies on oysters and Clams, Biochemical Variations. Indi. J. Med. Res., 39(4) : 533-541.

Sandhya M. Sonawane Effect of heavy metal Copper sulphate on Glycogen activity of Bivalve L. marginalis....."." IOSR Journal of Pharmacy (IOSRPHR), vol. 8, no. 07, 2018, pp. 21-27.

18-19

स्वातंत्र्योत्तर मराठी साहित्य आणि स्त्री
स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य और नारी
Post-Independence Indian English Literature and Women



Smt. P. K. Kotecha Mahila Mahavidyalaya
Shanti Nagar, Bhusawal

- ममता कालिया के कथा-साहित्य में नारी-विमर्श .....
  - डॉ. सुनीति एस. आचार्य, शिरपुर
- रत्तिका के संघर्ष एवं अकेलेपन की कथा - सूरजमुखी अँधेरे के.....
  - डॉ. सुनीता नारायणराव कावळे, चालीसगाँव
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी में नारी .....
  - डॉ. सविता काशिराम तायडे, मुंबई
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी साहित्य और नारी .....
  - डॉ. शेख शहेनाज अहेमद, नांदेड
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी 'यही सच है' में नारी चित्रण .....
  - डॉ. शेखर घुंगरवार पी., नांदेड
- समकालीन महिला कथा साहित्य और नारी .....
  - प्रा. निलीमा दामोदर इंगळे, यावल
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानी - साहित्य में नारी.....
  - प्रा. दिलीप पंडीत पाटील, चोपडा
- मधु काँकरिया की कहानियों में नारी-चित्रण.....
  - प्रा. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा, यावल
- रामदरश मिश्रजी के उपन्यास में नारी .....
  - डॉ. यादव नामदेव मोरे, भोकरदन
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी कहानियों में नारी.....
  - प्रा. राजेश मेरसिंग खर्डे, जलगाँव
- हिन्दी उपन्यासों में नारी - 'आपका बंटी' और 'स्वामी' उपन्यासों के विशेष संदर्भ में .....
  - डॉ. अनिता भिमराव काकडे, भोकरदन
- स्वातंत्र्योत्तर नारी के विविध रूपों का चरित्रांकन : शशिप्रभा शास्त्री की कहानियाँ .....
  - डॉ. मनोज नामदेव पाटील, जलगाँव
- सुनीता जैन के उपन्यासों में नारी व्यथा.....
  - डॉ. गिरीष एस. कोळी, भुसावळ
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी ग़ज़लकारों की ग़ज़लों में नारी समस्याओं पर चिंतन.....
  - डॉ. दिपक विश्वासराव पाटील, धुले
- ज्ञानप्रकाश विवेक की कहानियों में नारी विषयक दृष्टि .....
  - डॉ. देवेंद्र नारायण बोंडे, जलगाँव
- स्वातंत्र्योत्तर हिंदी महिला उपन्यासकार और नारी चेतना .....
  - प्रा. डॉ. नितीन रंगनाथ गायकवाड, वैजापूर
- रूक्मिणी के संघर्ष एवं सक्षमीकरण की कथा : रेत .....
  - प्रा. लक्ष्मी मधुकर तायडे, भुसावल
- प्रवासी साहित्य में नारी .....
  - अनुपमा तिवारी, विशाखापट्टणम

ISBN : 978-97-87129-3

मधु काँकरिया की कहानियों में नारी-चित्रण

- प्रा. प्रल्हाद विजयसिंग पावरा
सहायक प्राध्यापक, हिंदी विभाग
कला, वाणिज्य एवं विज्ञान महाविद्यालय, यावल, जि. जलगाँव

बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशक में महिला लेखन अत्यंत तीव्रता से उभरकर सामने आया। विशेषकर हिंदी कथा-साहित्य में महिलाओं को केंद्र में रखकर कई उपन्यास एवं कहानियाँ लिखी गई। जिनके माध्यम से नारी-जीवन के विविध पक्षों पर प्रकाश डालने का प्रयास किया गया। नारी पर होनेवाले अन्याय-अत्याचार, शारीरिक और मानसिक शोषण, अस्तित्त्व बोध, आर्थिक स्वावलंबन, समानता का अधिकार, दहेज की समस्या आदि तमाम बातों का चित्रण हिंदी कथा-साहित्य में किया गया।

इक्कीसवीं सदी के प्रारंभ में स्त्रियों के विभिन्न प्रश्नों पर हिंदी कथा साहित्य में महिला लेखिकाओं ने नए सिरे से विचार-विमर्श प्रारंभ किया हैं। उन्होंने नारी जीवन से संबंधित सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक, धार्मिक, मनोवैज्ञानिक आदि आयामों को दृष्टि में रखकर अनुपम साहित्य लेखन उपन्यासों एवं कहानियों के माध्यम से किया है। इन महिला लेखिकाओं में मन्नु भंडारी, मालती जोशी, प्रभा खेतान, उषा प्रियंवदा, ममता कालिया, शिवानी, मेहरून्निसा परवेज, मृदुला गर्ग, कृष्णा सोबती, मैत्रेयी पुष्पा, सूर्यबाला, सुनीता जैन, राजी सेठ इन लेखिकाओं के साथ ही मधु काँकरिया का लेखन अपना महत्वपूर्ण स्थान रखता हैं। सूर्यबाला के अनुसार - अनुभव यही कहता है कि लेखिकाओं का क्षेत्र अधिकतर घर और नारी मन रहा है जबकि पुरूष लेखन का घर बाहर दोनों। लेकिन हम इस क्षति की पूर्ति भी तो कर लेती हैं। नारी मन की अथाह गहराइयों में पैठकर इतना तो मैं दावे के साथ कह सकती हूँ कि नारी के अंदर इतने गूढ, तिलस्म, गुफाएँ और प्राचीर हैं कि इन्हें भेद पाना आसान नहीं, जिनको जितनी सत्यता और ईमानदारी से भेद सकती है - पुरूष नहीं।[1]

मधु काँकरिया ने अपने कथा साहित्य में अपनी अनुभूतियों को बेबाक तरीके से अभिव्यक्त किया हैं। उन्होंने कथा-साहित्य में सदियों से चली आ रही दहेज प्रथा, बालविवाह, विधवा जीवन, वेश्या जीवन आदि विभिन्न पहलुओं का चित्रण किया हैं। इन्हीं समस्याओं का चित्रण मधु काँकरिया की कहानी चूहे को चूहा ही रहने दो, एक रूकी हुई स्त्री, दाखिला, आसमान कितनी दूर, कुल्ला आदि में नारी चित्रण दिखाई देता है। प्राचीन काल की नारी की तुलना में आज की आधुनिक नारी काँकरिया की कहानियों में विद्रोह करती हुई दिखाई देती हैं।

मधु काँकरियाँ के कुल तीन कहानी-संग्रह प्रकाशित हो चुके है। इनमें पहला कहानी-संग्रह भरी दोपहरी के अँधेरे में चूहे को चूहा ही रहने दो कहानी में कहानी की नायिका युवती अपने पति से प्रतिशोध लेना चाहती है कि, वह पति की पतिव्रता पत्नी नहीं रहीं। अपने मन की भडास निकालना चाहती है। क्योंकि पति ने उस पर कई बंधन डाल रखे थे। किसी हमउम्र इन्सान से बात तक करने को वह तरस जाती थी। इन्हीं परिस्थितियों के कारण कहानी की युवती अपने पति से बगावत करती है। कहानी में स्वयं युवती कहती है कि, इससे आगे बढना मेरे एजेण्डा में नहीं था। आज की रात मेरे प्रतिशोध की रात थी।[2]

कहानी की नायिका दूसरे युवक को आमंत्रित कर जब चरमोत्कर्ष के क्षणों में खुद को उस ऐंद्रिय जाल में मुक्त कर लेती है तब युवती का प्रतिशोध कहीं न कहीं उसे आत्मसम्मान लौटाता हैं।

इस कहानी में मधु काँकरिया ने एक स्त्री की आंतरिक पीडा को बडी ही सजीवता से चित्रित किया है। उसके अंतर्द्वन्द्व का यह चित्रण शायद ही पहले कभी हुआ हो। पति के दबाव में जीती स्त्री का एक उन्मुक्त कदम। संवेदनशील मन को झकझोर देनेवाली यह कहानी हैं। यह कहानी एक नारी के मन का ज्वलंत चित्रण हैं।

मधु काँकरिया का दूसरा कहानी संग्रह बीतते हुए में एक रूकी हुई स्त्री कहानी में नायिका मानसी प्रेम में पागल एक ऐसी लडकी है, जो सालों अपने प्रेम को पाने के इंतजार में गुजार देती हैं। मेडिकल की पढाई करते-करते मानसी और सरबजीत प्रेमी-प्रेमिका बन जाते हैं। मानसी

ISBN : 978-97-87129-35-1

व्हार, प्रतिभासंपन्न, उच्चशिक्षित होने के बावजूद प्रेम में सबकुछ समर्पित कर देती हैं। अपने प्रेमी के लिए मर मिटने को तैयार होकर अपना करियर तक दाँव पर लगा देती है। इसके विपरित सरबजीत अपने जीवन में करियर को महत्त्व देता है। इसलिए सरबजीत मानसी को छोड ऑल इंडिया मेडिकल इन्स्टिटयूट दिल्ली चला जाता हैं। इसके संदर्भ में मधु कहानी में लिखती है कि, यहाँ स्त्रियाँ बलात्कार की उतनी नहीं जितनी धोखे का शिकार होती है।[३]

मानसी सरबजीत से धोखा खाने के बाद भी अपने प्रेमी की राह देखती है। इस प्रकार आखिर तक मानसी सरबजीत के प्रेम के लिए तडपती हैं।

इस कहानी में मानसी अपने सर्वस्व को हासिल करने के लिए एक रूकी हुई स्त्री जीवन के कितने ही अंतराल के बाद भी उस व्यक्ति के लिए रूकी हैं। क्या सचमुच उसके जीवन में भी बहाव आयेगा यह सोचने पर मजबूर करनेवाली की यह कहानी नारी के संवेदनशील मन का चित्रण करती हैं।

इसी कहानी संग्रह की कहानी दाखिला में सुकीर्ति नामक युवती की व्यथा का चित्रण हैं। सुकीर्ति की व्यथा यह है कि उसका पति उसे छोडकर चला गया है। वह अपने बेटे विक्रम को अच्छे स्कूल में दाखिला दिलाना चाहती हैं। अपने बेटे के लिए तडपती माँ अपने भाई को ही पति बनाकर स्कूल में ले जाती हैं। किन्तु अपने बेटे को लाख सिखाने के बाद भी बेटा उसे पापा की जगह मामा कहकर पुकारता है। और सारा मामला बिगड जाता है। सुकीर्ति सोचती है कि उसके इतने होशियार-होनहार, कर्तव्यदक्ष बेटे को केवल उसकी वजह से स्कूल में दाखिला नहीं मिला तो वह अपने आपको कभी माफ नहीं कर पायेगी। कॉन्वेंट स्कूलों में दाखिले के वक्त माता-पिता दोनों का होना जरूरी होने के कारण दो-तीन बार उसका प्रयत्न असफल हो जाता हैं। इन सभी परिस्थितियों को देखता विक्रम अपनी माँ से कहता है कि, इस बार तुम गडबड नहीं करना। इंटरव्यू रूम में घुसते ही कह देना फादर को पापा हमारे साथ नहीं रहतें, नहीं तो पिछले इंटरव्यू की तरह इस बार भी मेरा दाखिला नहीं हो पायेगा।[४]

सुकीर्ति कहानी की नायिका की व्यथा अन्य नारियों से भिन्न हैं। लेखिका ने इस कहानी में परित्यक्ता नारी की समस्या का चित्रण किया है। एक परिवार, सुखी परिवार जीवन में कितना मायने रखता है कि बेटे को स्कूल में दाखिला दिलवाने के लिए उसे झूठ तक का सहारा लेना पडता है। अकेली स्त्री का जीवन बडा ही कठीण और संघर्ष से भरा होता हैं।

इसी कहानी-संग्रह की कहानी आसमान कितनी दूर में मंदा नामक स्त्री की छोटी-सी ख्वाहिश का चित्रण हैं। शादी से पहले ही सुहागरात का सपना सँजोए मंदा जब भैरोसिंग के घर आती है तो उसकी ख्वाहिश यही है कि सुहागरात के लिए एक पलंग खरीदूँ। लेकिन उसका यह सपना अधुरा रह जाता हैं। वह अपने पारिवारिक समस्याओं में इतनी उलझ जाती है कि अपने बेटे और बेटियों की शादी तक करा देती हैं। मंदा की बडी बेटी मंगला द्वारा यह सपना पूरा होने ही जा रहा था कि, बेटी की सौगात स्वीकार करना मंदा के पति भैरोसिंग की संस्कृति में नहीं था। किन्तु बेटी के आग्रह खातिर उन्होंने पलंग तो रख लिया, पर मंदा के लिए नहीं पुत्रवधू के लिए जिसपर मंदा एक-बार लेटने की ख्वाहिश रखती हैं। इसी ख्वाहिश के कारण जब वह पलंग पर लेटती है तब उसे एहसास होता है कि, कितना अपूर्व लग रहा था... जमीन से तीन फिट ऊँचा उठकर सोना। शरीर का अंग-अंग जैसे इस अद्‌भुत अनुभूति से अभिभूत था। विश्वास ही नहीं हा रहा था कि सचमुच वह ही सोई है पलंग पर। इसी एक पल के लिए जाने कितने स्वप्न देखे थे उसने।[५]

मंदा के द्वारा कहानी में मधु काँकरिया ने नारी के संवेदनशील रूप को चित्रित किया हैं। लेखिका ने इस कहानी में प्रस्तुत किया है कि, एक सामान्य किशोरी का सामान्य सपना उम्र के पडाव तक पूर्ण नहीं होता। परिवार के भरण-पोषण, कल्याण में वह अपने आपको ढाल देती है। इसका सजीव चित्रण हुआ हैं।

मधु काँकरिया का तीसरा कहानी-संग्रह और अंत में इशु है। इस संग्रह की कहानी कुल्ला में नारी का चित्रण व्यक्त हुआ है। इसमें नायिका प्रमिला को पति द्वारा हीनता से भरा बर्ताव मिलता है। दाम्पत्य जीवन में जहाँ पति-पत्नी दोनों एक-दूसरे के जीवन के रथ के पहिए होते हैं। प्रमिला पति के प्रेम में अपना सर्वस्व लुटा देने को तैयार। परंतु नयी ब्याहता पत्नी के साथ उसका पति उसके साथ आक्रोशपूर्ण व्यवहार करता हैं। प्रमिला पति का दिल जीतने के लिए बडे चाव से पति के लिए रसोई में कुछ पन्ना ही रही थी कि उसकी पीठ पर पीछे से टूथपेस्ट के झाग का कुल्ला पति के ही द्वारा मादा जाता है। जूठे कुल्ले से प्रमिला खौल उठती हैं। अपमान से थरथराई वह पति पर बरस पडती है। प्रमिता सोचती है कि, इशश... किस कूडेदान की अर्चना करती